● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 134, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 21 जून 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अगले सप्ताह चीन जा रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 5

जायसवाल शतक बना कर आउट 6

# मप्र को बनाएंगे देश की डेयरी केपिटल : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री निवास पर हुआ राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को देश की डेयरी केपिटल बनाएंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम पशुपालन, डेयरी और गौपालन विभाग होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए गौ-पालकों और गौ-शाला संचालकों ने उत्साह से भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शालाओं को 90 करोड़ रुपए की अनुदान राशि अंतरित सिंगल क्लिक से की। इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तीन हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप ऋण स्वीकृति आदेश भी दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को देश की दुग्ध राजधानी बनाना है, राज्य शासन द्वारा इसके लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। पूरा प्रदेश वनों से आच्छादित है। वर्ष 2002-03 तक पशुपालन विभाग का बजट सिर्फ 300 करोड़ था, जो बढ़कर अब 2600 करोड़ हो गया है। किसी समय प्रदेश में फैट मात्रा के अनुसार दूध खरीदने की व्यवस्था लागू की गई थी। राज्य सरकार ने अमृत समान गौ-माता का दूध खरीदने का निर्णय लिया है, ताकि गौ-पालकों तक लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गाय का दूध सम्पूर्ण आहार है। राज्य में हाईटैक गौशालाएं संचालित हो रही हैं। सरकार का अर्थ ही यह है कि गरीबों के जीवन से कष्टों का नाश हो और सुख का मार्ग प्रशस्त हो। राज्य सरकार ने गौशाला संचालन के लिए अनुदान राशि 20 रुपए से बढ़कर 40 रुपए प्रति गाय प्रतिदिन की गई है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध किया है। प्रदेश का दूध उत्पादन पांच गुना करने का लक्ष्य है। वर्तमान में प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है और इसमें से लगभग आधा घरेलू उपयोग और शेष मार्केट तक पहुंचता है। फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर प्रदेश में दुग्ध से समृद्धि के लिए नई योजनाएं बना रहे हैं। दुग्ध उत्पादन और संकलन के कार्य को व्यवस्थित बनाने के लिए समितियों की संख्या भी 9 हजार से बढ़कर 26 हजार करने का संकल्प है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालन विभाग का नाम बदल कर अब इसे पशुपालन के साथ गोपालन विभाग भी कहा जाएगा। गौ- माता को सम्मान देते हुए इस विभाग के माध्यम से कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाएंगी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में गाय के पालन के लिए अनुदान दिया जा रहा है। गाय के गोबर से किसान खाद बनाएं, सरकार प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज का ज्यादा भाव देगी। वर्तमान में इंदौर, देवास, रीवा एवं कुछ अन्य जिलों में गौ-शालाओं के माध्यम से सीएनजी गैस का उत्पादन किया जा रहा है। किसानों को रसायन मुक्त प्राकृतिक और जैविक खाद उपलब्ध हो रही है। बड़ी गौशाला खोलने के लिए राज्य सरकार 125 एकड़ जमीन प्रदान करेगी। वर्तमान बजट में इसके लिए प्रावधान भी किया गया है।

# राजद और कांग्रेस की करतूतें बिहार विरोधी हैं: पीएम मोदी



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की आहट राज्य में साफ सुनाई देने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में यह गूंज के रूप में सुनाई दी, जब उन्होंने सीवान में संबोधन सुनने आए लोगों से कहा कि नौजवानों ने जंगलराज की कहानियां सुनी होंगी। देखा नहीं होगा। उस माहौल को जानते नहीं होंगे। फिर से लालटेन और पंजे वाले शिकंजा कसने का मौका ढूंढ़ रहे। सतर्क रहना होगा, वरना विकास पर ब्रेक लगाने का मौका वह तलाश रहे हैं।

बिहार समृद्ध होगा और देश के विकास में बड़ी भूमिका निभायेगा। मेरे इस विश्वास में आप सभी का सामर्थ्य है। आप सभी ने मिलकर जंगलराज का सफाया किया है। यहां के नौजवानों ने तो 20 साल पहले की बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कहानियों में सुनी है। जंगलराज ने बिहार का क्या हाल कर दिया था, वह सभी लोग जानते हैं। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उस बिहार को पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के रहने वाले हर व्यक्ति के सबसे बड़ी बात, उसका स्वाभिमान होता है। कठिन से कठिन परिस्थिति में बिहारी भाई-बहन काम करके दिखाते हैं। वह कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन, पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई। इन लोगों ने ऐसी लूट मचाई कि गरीबी बिहार की दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार को विकास की पटरी पर लाई है।

पीएम मोदी ने कहा कि इसी समय जंगलराज लाने वाले फिर से सपना देख रहे हैं कि बिहार के संसाधनों पर फिर से कब्जा कर सकें। इसके लिए वह तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। आपको अपने भविष्य के लिए सतर्क रहना है। बिहार के विकास पर ब्रेक लगाने वालों को कोसों दूर रखना है। वो लोग हर चुनाव में यह लोग आकर बोलते थे कि गरीबी हटाओ-गरीबी हटाओ। लेकिन, आपने जब से एनडीए सरकार को मौका दिया तो पता चला कि गरीबी कम भी हो सकती है। देश की 25 करोड़ की आबादी गरीबी रेखा से बाहर आई है।

# कांग्रेस को आपातकाल लगाने के लिए माफी मांगनी चाहिए: वेंकैया नायडू



**हैदराबाद।** पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी को साल 1975 में आपातकाल लगाने के लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। नायडू ने कहा कि आपातकाल लगाना कठोर कदम था, जिसमें नागरिकों अधिकारियों को छीना गया। एक इंटरव्यू में पूर्व उपराष्ट्रपति ने बताया कि जब देश में आपातकाल लागू हुआ, उस समय वे आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय में छात्र संघ के नेता थे। उन्हें भी आपातकाल में करीब डेढ़ साल जेल में बिताना पड़ा था।

पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा कि कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपतकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए।% नायडू ने कहा कि मुझे लगता है कि लोगों के नागरिक अधिकार छीनने, मीडिया पर सेंसरशिप लगाने और प्रदर्शन करने का अधिकार छीनने के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 में देश में आपातकाल लागू किया था, जो 21 मार्च 1977 तक लागू रहा था। पूर्व उपराष्ट्रपति ने बताया कि आपातकाल के दौरान देश में मीडिया पर भी कड़े प्रतिबंध थे और प्रेस काउंसिल एक्ट में भी संशोधन किया गया। उन्होंने बताया कि जब देश में आपातकाल लगा तो वे छात्रसंघ के अध्यक्ष थे। नायडू ने बताया कि छात्रों को संबोधित करने के लिए जयप्रकाश नारायण को आमंत्रित किया था, जिस पर सरकार ने उन्हें मेंटिनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट (मीसा कानून) के तहत गिरफ्तार कर लिया था।

# अखिलेश यादव बोले- गरीबों और वंचितों को शिक्षा से दूर करने के लिए सरकारी स्कूलों का विलय कर रही सरकार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश के गरीबों और वंचितों को शिक्षा से दूर करने के लिए भाजपा सरकारी स्कूलों का विलय कर रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। अखिलेश यादव शुक्रवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में दो लाख से अधिक पद खाली हैं लेकिन उनकी भर्ती नहीं की जा रही है। स्कूलों के विलय से शिक्षक भर्ती भी नहीं होगी।

# राजभवन में तेलंगाना और पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस मनाया गया



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राज्यों के स्थापना दिवस के आयोजन से एकता की भावना और एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार होती है। देश की विविधता को समझकर, विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की व्यापक और दूरगामी सोच का नतीजा है। अभियान की पहल के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने देशवासियों का भारत की एकता को मजबूत बनाने के लिए राज्यों की विविधता का सम्मान करने और साझा सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने का आव्हान किया है। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता, अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव एवं प्रदेश में निवासरत दोनों राज्यों के मूल निवासी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमारा देश विविध और बहु संस्कृति वाला है, जिसका स्वरूप विभिन्न राज्यों की विशिष्ट संस्कृति, भाषा, इतिहास और परंपराओं से मिलकर बना है।

# दिल्ली-पुणे एअर इंडिया की फ्लाइट से पक्षी टकराया

**मुंबई।** दिल्ली से पुणे जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में शुक्रवार को पक्षी टकरा गया। इस वजह से एयरलाइन को अपनी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और पक्षी टकराने का पता पुणे में उतरने के बाद चला। आगे एयरलाइन ने कहा कि विमान को आगे की यात्रा के लिए रोक दिया गया। इंजीनियरिंग टीम की ओर से विमान की व्यापक जांच की जा रही है। एयरलाइन ने कहा, 20 जून को पुणे से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एआई 2470 को पक्षी टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है।

## पीएम मोदी के बिहार दौरे पर राजद हमलावर

# तेजस्वी ने बोली आपत्तिजनक भाषा, सीएम नीतीश को बताया अचेत, लालू भी बरसे

**पटना।** एक तो चुनावी मौसम ऊपर से प्रधानमंत्री का बिहार में सभा, इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जबरदस्त और तीखी बयानबाजी की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि बिहार को ना पॉकेटमार प्रधानमंत्री चाहिए और ना ही अचेत मुख्यमंत्री। तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के भाषण को घिसा-पिटा और टेलीप्रॉम्पटर आधारित बताते हुए कहा कि उसमें कोई नया कंटेंट नहीं था। तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि सीवान को आपने 10 साल में क्या दिया, सिर्फ भाषण से तो किसी का पेट नहीं भरता। तेजस्वी यादव ने कहा कि भीड़ को प्रशासनिक दबाव और सरकारी संसाधनों से जबरदस्ती जुटाया गया।

तेजस्वी यादव ने पीएम के सभा पर होने वाले खर्च पर भी सवाल उठाया है।

# एमपी में यूथ कांग्रेस चुनाव के लिए वोटिंग शुरू

## पीसीसी चीफ बोले- कार्यकर्ताओं को अपना नेता चुनने की आजादी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में यूथ कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए शुक्रवार से वोटिंग और सदस्यता अभियान की शुरुआत हो चुकी है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि एमपी में संगठन सृजन का कार्यक्रम चल रहा है। 20 जून से 19 जुलाई तक होगा। जिसमें 18 से 35 साल के लोग भाग लेंगे। पटवारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपना नेता चुनने की आजादी केवल कांग्रेस में ही संभव है। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि 20 जून यूथ कांग्रेस की मेंबरशिप के शुरुआत का दिन है। मध्य प्रदेश में संगठन सृजन का कार्यक्रम चल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष, कमेटी अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष और कमेटी, ब्लॉक के लिए है। पूरी निष्पक्ष और हैप्पीनेस वातावरण से काम हो रहा है।

पीसीसी चीफ ने कहा कि ये सिर्फ कांग्रेस में है जिसमें आपको अपने नेता चुनने का अवसर मिलता है। 20 लोग प्रदेश अध्यक्ष और दूसरे जनरल सेक्रेटरी के लिए है। 4500 से ज्यादा लोगों ने अलग-अलग स्टेजों में चुनाव लड़ा है। पूरा श्रेय राहुल गांधी को जाता है। मितेंद्र यादव ने कम वक्त में निष्पक्ष काम किया है। नए लोगों को नया काम के लिए काम हो रहा है।

## दिल्ली स्कूल निर्माण घोटाला

# मनीष सिसोदिया से एसीबी ने की पूछताछ, जवाबों को किया गया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया शुक्रवार सुबह 11:00 बजे भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के समक्ष पेश हुए। उनसे दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षाओं और स्कूल भवनों के निर्माण में कथित अनियमितताओं और बड़े पैमाने पर घोटाले के मामले में पूछताछ की गई। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 2018 की धारा 13(1) के तहत दर्ज एफआईआर संख्या 31/2025 से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 409 और 120बी भी शामिल है। एसीबी ने एक स्वतंत्र पंच गवाह की उपस्थिति में सिसोदिया से मामले से जुड़े विभिन्न तथ्यों और परिस्थितियों पर सवाल-जवाब किए। उनके जवाबों को रिकॉर्ड किया गया। पूछताछ के बाद सिसोदिया दोपहर 2:30 बजे एसीबी कार्यालय से रवाना हुए। एसीबी के संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस मामले में जांच अभी जारी है।

# योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम शनिवार 21 जून को प्रात: 6 बजे भोपाल के टीटी नगर स्थित अटल पथ पर आयोजित होगा। एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर यह वृहद आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संबोधन भी होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विशाखापत्तनम में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उनके संबोधन का भी सजीव प्रसारण होगा उसके पश्चात सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम होगा।

# तेल अवीव से लेकर हाइफा तक धमाके, ईरानी मिसाइलों ने फिर इस्राइल में मचाया कहर

**तेल अवीव।** ईरान और इस्राइल के बीच जारी संघर्ष को एक सप्ताह हो गया है। हर बीतते दिन के साथ दोनों पुराने दुश्मनों के बीच संघर्ष और तेज होता जा रहा है। इस बीच, ट्रंप ने कहा है कि वो ईरान पर हमले को लेकर दो सप्ताह में निर्णय लेंगे। उन्हें अब भी आस है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए समझौते पर राजी हो जाएगा। वहीं, ईरान ने इस्राइल के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए हैं। ईरानी मिसाइलों ने देर रात इस्राइली अस्पताल को निशाना बनाया। इसके जवाब में इस्राइल ने बृहस्पतिवार को ईरान में परमाणु ठिकानों पर बमबारी की। ईरान के ताजा हमलों में कम से कम 240 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से चार गंभीर रूप से घायल हैं। ईरान ने शुक्रवार को इस्राइल पर एक और मिसाइल हमला शुरू किया है। ईरानी सरकारी मीडिया ने इसकी पुष्टि की, जबकि इस्राइली सेना ने बताया कि हमले ईरानी क्षेत्र से हुए हैं और एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय होकर आने वाली मिसाइलों को रोक रही है। इस्राइली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुरुआती जानकारी में मिसाइलें तेल अवीव, नेगेव और हाइफा में गिरी हैं। फिलहाल नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। यह हमला दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष के बीच तनाव को और बढ़ा सकता है। ईरान के खोरासन रजवी इलाके में सुप्रीम लीडर अली खामनेई के प्रतिनिधि अहमद अलामोलहोदा ने शुक्रवार को कहा कि कमांडरों, परमाणु कार्यक्रम अधिकारियों की मौत या सामाजिक नुकसान से ईरानियों को घबराने की जरूरत नहीं है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पीएम ने किए बड़े सुधार : शाह



**बंगलूरू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने देश में स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को एक समग्र दृष्टिकोण से सुलझाया है। शाह बंगलूरू में आदिचुंचनगिरी विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने कई साल पहले गुजरात में कहा था कि गरीबों की सबसे बड़ी समस्या बीमारी और उपचार पर खर्च है। सरकार को गरीबों के उपचार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आज मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को हर साल पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार करवाया है।

शाह ने बताया कि मोदी सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर कई पहलें शुरू की हैं, जिनमें 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाना, फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष, पोषण अभियान, आयुष्मान भारत और भारतीय जनऔषधि परियोजना शामिल हैं। उन्होंने कहा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि एक नागरिक को मां के गर्भ में जन्म लेने से लेकर पूर्ण नागरिक बनने तक किसी बीमारी का सामना न करना पड़े और यदि वह बीमार होता है, तो उपचार महंगा न हो।

गृह मंत्री ने यह भी बताया कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। 2014 में देश में 7 एम्स थे, अब 23 एम्स हैं। मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। उन्होंने बताया, 2014 में 51,000 एमबीबीएस सीटें थीं, आज यह संख्या 1,18,000 हो गई है। पीजी सीटें 31,000 से बढ़कर 74,000 हो गई हैं। यानी हर साल देश में 1,18,000 एमबीबीएस डॉक्टर और 74,000 स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी, रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना और आदिचुंचनगिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी भी मौजूद थे। वहीं, आज केरल की उच्च शिक्षा मंत्री आर. बिंदु और सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह के कथित अंग्रेजी विरोधी बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह एक संकीर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने इसे निंदनीय बताया। आर. बिंदु ने कहा कि अंग्रेजी दुनिया की सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली भाषा है, चाहे वह आपसी संवाद हो या इंटरनेट पर संपर्क। उन्होंने कहा, यह विचार कि बच्चों को अंग्रेजी नहीं सीखनी चाहिए या यह शर्मिंदगी का कारण होगी, बच्चों की दुनिया को और सीमित कर देगा। भारत कोई अलग-थलग टापू नहीं है, इसलिए अंग्रेजी सीखना आज एक जरूरत बन गया है।

# मझौली में सीएलएफ को सशक्त करने के उद्देश्य से 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक ने किया प्रशिक्षण का अवलोकन

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में विकासखण्ड मझौली में विकासखंड मझौली के गोपद सीएलएफ टिकरी के समस्त सीएलएफ सदस्यों के लिये 16 जून से 20 जून 2025 (पाँच दिवसीय-द्वितीय बैच) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सीएलएफ को समग्र रूप से सशक्त बनाये जाने के लिए मिशन के सभी घटक जैसेदृ सामुदायिक संस्थागत विकास, सूक्ष्म वित्त, रोजगार एवं कौशल उन्नयन, वित्त, कृषि, उद्यमिता विकास, एमआईएस आदि घटकों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।



सीएलएफ संकुल स्तरीय संगठन का अर्थ एक ऐसे संगठन को बनाना जो संकुल स्तर पर गठित संगठनों को सहायता प्रदान करे। यह संगठन ग्राम संगठनो को स्व-प्रबंधित, स्व-नियंत्रित, स्व-संचालित और आत्मनिर्भर संस्था के रूप में विकसित करने में मदद करता है । सीएलएफ एवं उनके सदस्यों को मिशन अंतर्गत सभी घटकों से क्या लाभ होंगे, के बारे में विस्तृत जानकारियाँ प्रदान की गयीं, ताकि सीएलएफ अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम संगठनों एवं समूहों को विस्तृत जानकारी प्रदाय करते हुये स्वयं के संचालन के साथ अपने संगठनों का भी सफल संचालन करने मे सक्षम बन सके।

इस हेतु जिला स्तर से विषय विशेषज्ञ की टीम द्वारा विषय आधारित सत्रवार प्रशिक्षण दिये गये हैं। दिये गये प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं विषय वस्तु से संबंधित जानकारी प्रतिभागियों तक कितनी पहुँच पायी है, इसके लिये राज्य कार्यालय से आये हुये सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक श्री नेमचंद जादव द्वारा अपने दो दिवसीय प्रवास 19 एवं 20 जून के दौरान प्रशिक्षण सत्र में स्वयं उपस्थित होकर प्रतिभागियों से संवाद कर जानकारी ली।

इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा विषय आधारित प्रदाय की गयी जानकारी के सम्बन्ध में बताया गया। प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण के विषय में बतायी गयी जानकारी से सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक श्री नेमचंद जादव द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। साथ ही आगामी प्रशिक्षणों हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश दिये गये।

प्रशिक्षण समापन के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सहायक राज्य परियोजना प्रबंधक श्री नेमचंद जादव का आभार व्यक्त कर यह भी आश्वस्त किया गया कि राज्य स्तर से निर्धारित मापदंड एवं मंशानुरूप अनुसार ही समस्त प्रशिक्षण करायें जा रहें हैं।

इस दौरान जिला स्तर से श्री मनोज चंद्रिकापुरे जिला प्रबंधक वित्त, श्री देवेश मिश्रा जिला प्रबंधक कौशल, श्री शैलेन्द्र द्विवेदी लघु उद्यमिता विकास, श्री अजय सिंह जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त, प्रशांत कुमार मिश्रा सहायक जिला प्रबंधक (सामुदायिक प्रशिक्षण), विजय गोस्वामी प्रभारी जिला प्रबंधक कृषि, हरि राम त्रिपाठी युवा सालाहकार एसआईएसडी विकासखण्ड स्तर से विकासखण्ड प्रबंधक चंद्रकांत सिंह मझौली, अरुण गौतम सहायक विकासखंड प्रबंधक मझौली, भरत सोनी सहायक विकासखंड प्रबंधक मझौली उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदा में किसानों को देती है बीमा लाभ

**सीधी।** देश में खेती परंपरागत रूप से प्रकृति पर आधारित है। किसान की फसल पर पाले, अधिक वर्षा, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा में हानि का सदैव खतरा रहता है। इससे किसान को सुरक्षा देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना में बीमा कंपनियाँ बीमा की जो राशि तय करती हैं उसमें से किसान को खरीफ फसल के लिए केवल 2 प्रतिशत और रबी फसल के लिए 1.5 प्रतिशत प्रीमियम देना होता है। बागवानी फसलों के लिए प्रीमियम राशि 5 प्रतिशत निर्धारित की गई है। प्रीमियम की शेष राशि का 50 प्रतिशत केन्द्र सरकार तथा 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा अदा किया जाता है। फसल हानि होने पर कम से कम 25 प्रतिशत दावा राशि सीधे किसान के बैंक खाते में दी जाती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि ने बताया कि प्रत्येक जिले में तहसीलवार, फसलवार तथा हल्कावार बीमा के प्रकरण तैयार किए जाते हैं। ऋणी और अऋणी किसान खरीफ फसल के लिए 16 अगस्त तक तथा रबी फसल के लिए 15 सितम्बर से 16 जनवरी तक फसल बीमा योजना के आवेदन बैंकों में जमा कर सकते हैं। बैंकों द्वारा खरीफ फसल के लिए 30 सितम्बर तक तथा रबी फसल के लिए 28 फरवरी तक बीमा प्रस्ताव संबंधित बीमा कंपनी को भेजना आवश्यक होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खरीफ फसल के लिए ऋणी किसान 15 सितम्बर तक एवं अऋणी किसान 22 अगस्त तक प्रीमियम की राशि जमा कर सकते हैं। रबी फसल के लिए ऋणी किसान 15 फरवरी एवं अऋणी किसान 22 जनवरी तक प्रीमियम राशि जमा कर सकते हैं। फसलों के पैदावार के आंकड़े के आधार पर आधुनिक तकनीक से फसल के नुकसान का आकलन किया जाता है। फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त आंकड़े स्मार्ट फोन के माध्यम से अपलोड किए जाते हैं। जल भराव होने, चक्रवात और बेमौसम बारिश होने से फसलों को हानि होने पर भी बीमा सुरक्षा का लाभ दिया जाएगा।

# डाक विभाग एजेंट चयन के लिए साक्षात्कार 7 जुलाई तक

**सीधी।** भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट सेल्स एजेन्ट के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जा रहे हैं। अधीक्षक डाक संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षात्कार 7 जुलाई तक लिए जाएंगे। आवेदक सुबह 11.30 बजे अपने समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर सिरमौर चौक रीवा में उपस्थित हो सकते हैं। कक्षा 10वीं पास तथा कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाले आवेदक हो साक्षात्कार में भाग ले सकते है।

# प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस में किया गया योगाभ्यास



**सीधी।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय सीधी के परिसर में योग दिवस के पूर्व अभ्यास में महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में योग का अभ्यास कराया गया। श्रमदान के तहत छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी के साथ श्रमदान का कार्यक्रम भी कराया गया जिसमें सभी छात्राओं के द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक से भाग लिया गया।

# कृषक हितग्राहियों को सायबर ठगों से सावधान करने की एडवायजरी जारी

सीधी

किसानों के कल्याण और कृषि विकास की हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम पर सायबर ठगों से सावधान करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी द्वारा एडवायजरी जारी की है। संचालक अभियांत्रिकी ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर स्वयं को विभागीय अधिकारी के रूप में अपना परिचय देकर सायबर ठगी करते है। ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषक हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत कस्टम हायरिंग योजना की प्रक्रिया पूर्णतरू पारदर्शी है। इस प्रक्रिया में किसी भी हितग्राही से योजना संबंधी संपर्क नहीं किया जाता है।

संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने हितग्राहियों से अपेक्षा की है कि वे अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, वॉट्सऐप कॉल/वीडियो कॉल/अन्य सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाले कॉल नबंर जिनमें मुख्यतरू 07056847570, 07088438459, 0756847570, 9520711020 हो तो उन्हें बिल्कुल भी न उठाये जाए। अनजान व्यक्तियों पर विश्वास न करें, उनसे किसी भी प्रकार की सूचना व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। हो सकता है वह आपकी जानकारी अन्य माध्यम से प्राप्त कर आपको परेशान करे। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को विभागीय अधिकारी बताकर/विभागीय अधिकारी के नाम से भी आपसे बात करे तो एकदम से उसकी बात पर विश्वास न करें। आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में बलइमतबतपउमण्हवअण्पद या ब्लइमत ब्तपउम भ्मसच स्पदम (ज्वसस थ्तमम) नम्बर 1930 पर अवश्य करें।

# ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

## जिला स्तरीय आयोजन छत्रसाल स्टेडियम में सुबह 6 बजे से

**सीधी।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जिला प्रशासन सीधी द्वारा म.प्र. शासन के निर्देशानुसार स्वयं एवं समाज के लिए एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2025 को प्रात: 6 बजे से छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक सीधी रीती पाठक के अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विश्वामित्र पाठक, चुरहट अजय सिंह (राहुल), जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष काजल वर्मा एवं जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार के विशिष्टि आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा।

वर्षा होने पर कार्यक्रम मानस भवन, उत्कृष्ट क्रमांक 1 का सभागार एवं शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान सीधी के सभागार में आयोजित होगा।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, युवाओं से स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सहभागिता की अपील की गई है।

# पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 11वीं एवं 12वीं में प्रवेश के लिए सूचना 2025-26

**सीधी।** प्राचार्य पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीधी ने जानकारी देकर है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय सीधी में कक्षा 11वीं एवं 12वीं वाणिज्य संकाय, 12वीं (विज्ञान संकाय) के कुछ रिक्तियां संभावित है। इसके लिए मैरिट लिस्ट बनाई जानी है। इच्छुक अभ्यर्थी (गैर केन्द्रीय विद्यालय) दिनांक 21.06.2025 से 25.06.2025 तक (प्रात: 10 बजे से दोपहर 01 बजे) कार्यालीन दिवसों में अपना पंजीयन विद्यालय में करा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय के सूचना पटल का अवलोकन करें। प्रवेश के.वि.सं. प्रवेश नियमावली 2025-26 के अनुसार रिक्तियां होने पर ही दिया जाएगा।

# नगरीय निकाय प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिये शहरी सुधार कार्यक्रम

## जीआईएस तकनीक को अपनाकर संपत्ति दर में वृद्धि के प्रयास

सीधी

प्रदेश के नगरीय निकायों में संपत्ति कर प्रणाली में सुधार और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से शहरी सुधार कार्यक्रम योजना लागू की गई है। प्रदेश के 369 नगरीय निकायों में लेखा प्रणाली के संभूति आधारित द्विप्रविष्टीय लेखा प्रणाली में कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रदेश के 44 नगरीय निकायों में इस कार्य को पूरा करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

नगरीय निकायों में जीआईएस आधारित मानचित्र तैयार कर संपत्ति कर दायरे तथा वसूली में वृद्धि किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के 413 नगरीय निकायों में बहुउद्देश्यीय पारिवारिक सर्वेक्षण और मानचित्र कार्य पूरा कर लिया गया है। 294 नगरीय निकायों में संपत्ति सर्वेक्षण कार्य पूरा किया जा चुका है। योजना में 119 नगरीय निकायों में यह कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में 15 नगर निगमों में से 9 नगर निगमों का कार्य पूरा हो चुका है। प्रदेश 6 नगर निगमों में यह कार्य प्रगति पर है।

प्रोत्साहन पुरस्कार योजना

प्रदेश के नगरीय निकायों को राजस्व संग्रहण के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। राजस्व संग्रहण के लिये नगर निगमों, नगर पालिका परिषद और नगर परिषदों को उनके द्वारा की गई कर वसूली के आधार पर अनुदान राशि प्रदान की जा रही है।

# जिले में औसत वर्षा 31.5 मि.मी. दर्ज

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 20 जून को सीधी जिले में 8.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 3.5 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 13.0 मि.मी., सिहावल में 34.0 मि.मी., बहरी में 3.2 मि.मी., मझौली में 8.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 31.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 20 जून तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 122.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 8.0, चुरहट में 1.5, गोपद बनास में 18.0, बहरी में 33.9 मझौली में 37.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 9.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 22 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# जिला अधिवक्ता संघ के नवीन निर्वाचन म.प्र. उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार होगें सम्पन्न

**सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ सीधी के पदाधिकारियो और कार्यकारिणी सदस्यो के वर्ष 2025-2027 के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी थी जिसमे मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय मे जिला अधिवक्ता संघ सीधी द्वारा रिट याचिका क्रमांक 13784/2025 और 18312/2025 दोनो याचिकाओ मे दिनांक 19 जून 2025 को माननीय मुख्य कार्यवाहक न्यायधिपति श्री संजय सचदेवा एवं न्यायधिपति विनय सराफ ने अपने निर्णय मे मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर द्वारा जिला अधिवक्ता संघ सीधी के विरुद्व आदेशो को निरस्त करते हुये आदेशित किया कि म.प्र.राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा पारित आदेश दिनाक 10.04.2025 एवं 11.04.2025 साथ ही 21.04.2025 आपिलीय समिति के आदेशो को निरस्त करते हुये उत्पन्न होने वाले मुददो का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने और जिला अधिवक्ता संघ सीधी का निष्पक्ष पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के उददेश्य से समन्वय के आधार पर निरस्त किये गये और मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य शैलेन्द्र वर्मा को न्यायालय पर्यवेक्षक और उन्हौने अपने आदेश मे सर्वोच्च न्यायालय बार एशोसिएशन बनाम बी.डी. कौशिक के मामले सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार सख्ती से आयोजित किये जायेगे और यह भी आदेशित किया की मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर एक हफ्ते के भीतर सूची प्रदान करेगा और जिला अधिवक्ता संघ सीधी सूची और रिकार्ड के अनुसार सूची जारी करेगा और सूची की आपत्तियो के बाद आपत्ति का निराकरण जिला अधिवक्ता संघ सीधी करेगा और उसमे पर्यवेक्षक का निर्णय होगा, चुनाव अधिकारी अन्तिम सूची प्रदर्शित होने के पश्चात चुनाव कार्यक्रम जारी करेगा और न्यायालय द्वारा नियुक्ति पर्यवेक्षक चुनाव समिति और निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव के संचालन की भी देखरेख करेगा और चुनाव प्रक्रिया दिनांक 31.07.2025 या उसके पूर्व पूर्ण कर ली जायेगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा योजनाओं की प्रगति पर अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के द्वारा शुक्रवार दिनांक 20.06.2025 को पुलिस अधीक्षक, जिला प्रशासन, तहसीलदार गोपदबनास एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में म.प्र. पीड़ित प्रतिकर योजना 2015, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, मध्यस्थता योजना, वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सहायता, आपदा प्रभावित व्यक्तियों को विधिक सहायता योजना, संवाद:- (हाशिए पर पडे कमजोर आदिवासियों और विमुक्त घुमंतु जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को मजबूत करना) योजना 2025, डॉन- (नशा मुक्त भारत के लिए नशा जागरूकता और कल्याण मार्गदर्शन) योजना 2025, जाग्रति- (जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए न्याय जागरूकता) योजना 2025, आशा:-(जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाई मानक संचालन प्रक्रिया-बाल विवाह से मुक्ति की ओर अग्रसर) योजना 2025, साथी:-(आधार के लिए सर्वेक्षण और ट्रैकिंग एवं समग्र समावेशन तक पहुंच के प्रसार और कियान्वयन) योजना 2025 एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन एवं जनसामान्य को लाभांवित करने की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री प्रयाग लाल दिनकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष ने योजनाओं की पारदर्शिता, प्रभावशीलता एवं व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया।

बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक शीघ्रता एवं सरलता से पहुंचे। उक्त बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर, श्री मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण, डॉ रवीन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक सीधी, श्री मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री राकेश शुक्ला तहसीलदार गोपदबनास जिला सीधी, श्रीमती मिनी अग्रवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी, श्री मंगलेश्वर द्विवेदी इंजीनियर पी.डब्लू.डी. सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हमे अपने परिवार से नजदीकिया और मोबाईल से दूरी बनाना चाहिए : गायत्री

## बच्चों को अपने माँ और पिता से कोई बात नहीं छुपानी है : रीता

**हमे अगर अबेकस मिला होता तो हम भी अपने मंजिल को जरूर पाते**

सीधी



21 दिवसीय बाल नाट्य कार्यशाला का कल पहलेशस्त्र का समापन था जहा पर वुशु कक्षा का समापन हुआ जिसमे सीधी शहर की डीएसपी गायत्री तिवारी जी और थाना प्रभारी रीता त्रिपाठी जी ने अपना मूल्यवान समय यूसीएम मास पब्लिक स्कूल के बच्चों को दिया साथ ही संस्था के संचालक सूर्य प्रकाश सिंह जी को धन्यवाद किया गया इस तरह का कैम्प 12 घंटे तक बच्चों को रखना राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करना और सुबह से शाम तक बच्चों मे ऊर्जा समान रूप से बने रहना यह बड़े गर्व की बात है और साथ ही यह बताया की आप सभी को संस्कार के साथ अपनी शिक्षा को प्रथम स्थान पर रखना है और गुरु माँ और पिता के अलावा आपका कोई नहीं हैं। कोई भी ऐसा काम ना करे जिससे आपका परिवार और गुरुजन का अपमान हो ।

साथ ही बच्चों को थाना प्रभारी रीता त्रिपाठी व डीएसपी गायत्री जी के द्वारा बोल गया की बच्चियों को जब आपके माता पिता गुरु जब स्पर्श करते हैं अगर आपको याची नियत लगती है तो उसे गुड टच कहते हैं यदि आपको लगे की हमे जो भी व्यक्ति छु रहा है और उसकी नियत गलत है तो हम उसे बैड टच कहते हैं। आज कल थाने में बच्चो के मोबाइल के कारण बहुत सारे आपराधिक केस आते हैं जैसे के लोग अनजान लोगों से बात करते हैं और फिर वो लोग हमारा गलत उपयोग करने लगते हैं।

साथ ही में डीएसपी जी ने सारे बच्चों की बहुत सराहना की।

## संपादकीय

### फिल्मों को रोकने की आजादी नहीं

देश में बौद्धिक विमर्श की क्या कोई गुंजाइश है या नहीं? अगर है तो फिर अभिनेता कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का विरोध क्या सिर्फ इसलिए होना चाहिए कि उन्होंने कोई ऐसा बयान दिया जो लोगों को पसंद नहीं? मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि विरोध के बजाय इसे बौद्धिक बहस के तौर पर लिया जाना चाहिए था। सेंसर बोर्ड से प्रमाणित होने के बाद भी इस फिल्म के प्रदर्शन को जिस तरह रोका गया, उससे समझा जा सकता है कि विमर्श की कितनी जगह बची है।सहमति और असहमति के बीच संवाद भी एक रास्ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अभिनेता ने कुछ असुविधाजनक कहा, तो वह अंतिम सत्य तो नहीं था। लोगों को अलग-अलग विचार रखने का अधिकार है। मगर इस वजह से फिल्म का प्रदर्शन रोका नहीं जा सकता।प्रमाणपत्र मिलने के बाद भी राज्य सरकार के मौखिक निर्देश और पुलिस की मदद से जिस तरह फिल्म के प्रदर्शन को रोका गया, उससे कई सवाल उठे हैं। सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा है कि लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तान सकते। फिल्मों और विचारों के माध्यम से अभिनेता कमल हासन अपनी बात मुखर होकर रखते रहे हैं। इस बार वे विवादों में तब घिरे जब उन्होंने अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' का आडियो जारी करने के समय कन्नड़ भाषा पर टिप्पणी की। इसका राज्य में तीखा विरोध हुआ।कर्नाटक फिल्म चैंबर आफ कामर्स ने यहां तक कह दिया कि जब तक कमल हासन माफी नहीं मांगेगे, तब तक उनकी फिल्म राज्य में प्रदर्शित नहीं होने दी जाएगी। हालांकि, पांच जून को फिल्म देशभर में प्रदर्शित हो गई, लेकिन कर्नाटक में इसे रोक दिया गया। शीर्ष न्यायालय ने राज्य सरकार से इसकी न केवल वजह पूछी, बल्कि यह भी कहा कि फिल्म देखने से रोकने के लिए नैतिकता के कथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा व हंगामा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। निस्संदेह विरोध के डर से राज्य सरकार अपने संवैधानिक दायित्व से मुकर नहीं सकती।

# मानवता के लिए अमूल्य उपहार है योग

**योग एक ऐसी दिव्य अवस्था है जब चेतना और परम चेतना का मिलन होता है। इस अवस्था को प्राप्त करने का अवसर हर जीव के पास है। योग सनातन हिन्दू धर्म और संस्कृति का सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य उपहार है।**

● डॉ. मोहन यादव

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। साथ ही इस बात का समर्थन किया कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने पूरी दुनिया में समग्र स्वास्थ्य क्रांति के नये युग का सूत्रपात किया। उपचार की जगह रोकथाम पर अब अधिक ध्यान दिया जा रहा है। आज पूरा वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त कर रहा है।

हम 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। यह एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय को समर्पित है। इसका उद्देश्य मानव कल्याण और एक स्वस्थ ग्रह के बीच संबंध को बढ़ावा देना है। सीधा अर्थ है कि जब शरीर और मन स्वस्थ होता है, तो हम अपने समुदाय और पर्यावरण से बेहतर सामंजस्य रख पाते हैं, उनकी सही देख-रेख कर पाते हैं।

आज पूरे विश्व में एक अदभुत वातावरण बना है। पूरा विश्व आज योग कर रहा है। योग ने विश्व में असंख्य लोगों को सहारा दिया है। हमारे लिये यह गौरव का क्षण है। योग का विधिवत विज्ञान यहाँ सुरक्षित है। योग दर्शन की विरासत से आज पूरा विश्व समाज लाभान्वित हो रहा है। हम इस अलौकिक समय के साक्षी बन रहे हैं। हम आज गौरव और आनंद से भरे हैं। योग, धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत का गौरव बढ़ाने वाला दिवस है साथ ही पूरे विश्व को परम चेतना के प्रति जागृत करने का क्रांतिकारी कदम भी है।

अक्सर सवाल किया जाता है कि योग से क्या मिलता है? इसका सीधा सरल जवाब है योग से मिलती है शांति। मन और तन को सबसे ज्यादा जरूरत है शांति की। अशांत मन और अनियंत्रित तन पूरे समाज को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। योग एक ऐसा



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025

दिव्य द्वार है जो शांति की ओर खुलता है। शांति से उपजती है एकाग्रता। धर्म संसद में वेदांत दर्शन पर कालजयी व्याख्यान देने के बाद स्वामी विवेकानंद को अमेरिका में जगह जगह दर्शन पर व्याख्यान देने आमंत्रित किया गया। जब वे अमेरिकन विदयार्थियों के बीच पहुंचे तो विदयार्थियों ने सवाल किया कि पढ़ाई में मन नहीं लगता। स्वामी जी का जवाब था इसका एकमात्र उपाय है एकाग्रता। यह एकाग्रता उपजती है शांत मन से। शांत मन होता है ध्यान से। शांत मन दूषित विचारों से मुक्त होता है। शांति से निर्मित होती है सकारात्मक ऊर्जा। यह ऊर्जा सभी जीवों के लिये कल्याणकारी और हितकारी होती है। शांत चित्त वाला मनुष्य कभी गलत निर्णय नहीं ले सकता। जब शरीर, मन और आत्मा एकाकार हो जायें तो अहित और अशुद्धि का सवाल कहां रह जाता है।

कथा उपनिषद में योग को इंन्द्रियों पर नियंत्रण करने की विद्या कहा गया है। श्रीमद्भगवद् गीता में योग को दुख से वियोग होना कहा गया है। महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र में योग को मन के विचलन पर नियंत्रण की विधा बताया है। महर्षि अरविंद ने तो यहां तक कहा है कि संपूर्ण मानव जीवन ही एक योग है क्योंकि मनुष्य से कई चीजों का जोड़ है। योग का उद्देश्य परम चेतना में प्रवेश पाना है। यह परम चेतना क्या है जो योग से मिलती है? यह अवस्था ऐसी अवस्था है जब मन केवल न्याय और धर्म के साथ होता है। सिर्फ दया, करूणा, मैत्री और शांति जैसे मूल्य प्रखर होते है। यह अवस्था हर मनुष्य के लिये अनिवार्य है चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या समुदाय का हो या विश्व के किसी भी कोने में रहता हो।

कल्पना करें कि जब एक साथ पूरा विश्व योग करे तो फिर भेदभाव कहां रह जाता है। मन में भौगोलिक सीमाओं का बोध समाप्त हो जाता है। फिर चाहे कोई भी देश हो पूरा विश्व एक हो जायेगा। यौगिक क्रियाओं से यदि मन एकरूप हो जायें तो चित्त की प्रसन्नता निरंतर बनी रहती है। भारतीय परंपरा में उल्लेख है कि प्रकृति ने ही तमाम योग मुद्राएं सिखाई है। यह सच है कि योग विद्या की विरासत को लगभग विस्मृत सा कर दिया गया था। हमें सिर्फ प्रयासपूर्वक जागने की जरूरत है। योग सदा से विदयमान था। किसी भी धर्म को देखें योग के दर्शन होंगे। योग और यौगिक क्रियाएं जीवन से गहरी जुडी हैं। अब एक नई और ओजपूर्ण शुरूआत हो चुकी है। विश्व में भारत की प्रतिष्ठा स्थापित हुई है।

मैं सभी प्रदेशवासियों से आहवान करता हूँ कि वे योग को अपने जीवन का अह्म हिस्सा बनाए, जिससे तन और मन दौनों स्वस्थ रह सकें।

**(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

# पीएम मोदी की साइप्रस यात्रा ने दिया भारत विरोधी ताकतों को कड़ा संदेश

(मृत्युंजय दीक्षित)

साइप्रस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। साइप्रस ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारोयिस' से सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि यह 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के प्रथम चरण में साइप्रस पहुंचे। उनकी यह यात्रा रणनीतिक तथा सामरिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रही । प्रधानमंत्री ने अपनी साइप्रस की इस यात्रा से कई रणनीतिक उद्देश्य पूर्ण किए हैं । इस यात्रा से आपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्किए के शासनाध्यक्ष एर्दोगान को कठिनाई होने वाली है। साइप्रस सामरिक, रणनीतिक व कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण देश है। प्रधानमंत्री मोदी से पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने भी साइप्रस का दौरा किया था।

साइप्रस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। साइप्रस ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारोयिस से सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि यह 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। यह हमारे देश के सांस्कृतिक भाईचारे व वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा का सम्मान है। इसके साथ ही पीएम मोदी को सम्मानित करने वाले देशों की संख्या 22 हो गई है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि साइप्रस के विजन -2035 और विकसित भारत के विजन-2047 के कई पहलुओं से समानता है। हम साथ मिलकर भविष्य को आकर देंगे। 23 वर्षां के बाद



भारतीय प्रधानमंत्री की इस महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रक्षा, वित्त, व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई।

साइप्रस ने संयुक्तराष्ट सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का पुरजोर समर्थन किया और आतंकवाद के विरुद्ध भारत के साथ मिलकर संयुक्तराष्ट की तरफ से घोषित आतंकियों, आतंकी संगठनों और उन्हें पनाह देने वालों, उनके लिए छद्म तरीके से काम करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की भी अपील की है। साइप्रस ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और ऑपरेशन सिंदूर का भी पुरजोर समर्थन किया।

प्रधानमंत्री मोदी और साइप्रस के राष्टपति निकोस ने तुर्किए के कब्जे वाले साइप्रस के भूभाग के पास वाले क्षेत्र का भ्रमण किया और तुर्किए को संदेश देते हुए कहा कि भारत साइप्रस गणराज्य की स्वतंत्रता, संप्रभुता, भौगोलिक अखंडता और एकता को अटल व सतत समर्थन देता रहेगा। इसके लिए वह किसी एक पक्ष की तरफ से मनमाने तरीके से कदम उठाए जाने पर रोक लगाने व सार्थक वार्ता का वातावरण बनाए जाने का समर्थन करता है।

तुर्किए ने 1974 से साइप्रस के लगभग एक तिहाई हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। तुर्किए कश्मीर मुद्दे पर बार- बार पाकिस्तान के पक्ष में बयानबाजी करता है,ऑपरेशन सिंदूर के समय उसने पाकिस्तान को बचाने के लिए अपना युद्धपोत भेजा, भारत पर हमला करने के लिए ड्रोन दिये उसको दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वाभाविक रूप से स्पष्ट संदेश दिया कि अब भारत साइप्रस की संप्रभुता का पूर्ण समर्थन कर रहा है।

साइप्रस और भारत एक दूसरे के परिस्थितिगत साथी हैं। साइप्रस तुर्किए से उलझा हुआ देश है। भारत - साइप्रस के मजबूत होते संबंधों को तुर्किए के खिलाफ कूटनीतिक बैलेंस के तौर पर देखा जा रहा है। अंतरराष्टीय व्यापार की संभावनाओं के लिए भी यह महत्वपूर्ण है। साइप्रस का रुख सदा से भारत के समर्थन में रहा है। साइप्रस को भूमध्य सागर और यूरोप में प्रवेश का गेटवे कहा जाता है। यह सीरिया और तुर्किए के करीब है। भौगोलिक रूप से एशिया में होने के बावजूद इसे यूरोपीय संघ के सदस्य के रूप में दर्जा मिला हुआ है । यही वजह है कि यूरोप के साथ संपर्क बनाने में भारत के लिए यह सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है। साइप्रस भारत के लिए व्यापार, निवेश और रणनीतिक संवाद पर के लिए भी अहम है।यू रोपियन यूनियन के साथ मुक्त व्यापार संधि के लिए साइप्रस एक महत्वपूर्ण भागीदार व सहायक हो सकता है।

साइप्रस भारत के लिए निवेश के हब रहा है। आर्थिक और कानूनी रूप से सुरक्षित निवेश हब के तौर पर यह भारत के लिए सदा से ही लाभदायक रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान व्यवसायियों को एनर्जी टेक्नोलॉजी और डिजिटल सेक्टर में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य साइप्रस को रणनीतिक आर्थिक गलियारे में और अधिक मजबूती से जोड़ना है। इसके साथ ही यूरोपीय संघ के सदस्य रूप में साइप्रस ब्लॉक में भारत के हितों का समर्थन करने में अहम भूमिका निभा सकता है। साइप्रस भूमध्य सागर में है जहां गैस तेल संसाधन की अपार संभावनाएं हैं ।साइप्रस की मिडिल ईस्ट और यूरोप के बीच एक स्थिर सहयोग दे सकता हैं। अपने ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाने में भारत की रुचि साइप्रस को ऊर्जा साझेदारी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाती है।

इस यात्रा के दौरान जब प्रधानमंत्री मोदी निकोसिया में संघर्ष विराम रेखा के पास एक ऐतिहासिक स्थल पर पहुंचे तो निकोसिया म्यूनिसिपल काउंसिल के एक सदस्य मिछेला किथेरियोटी मालपा ने सम्मान स्वरूप प्रधानमंत्री मोदी के पैर छू लिए। इससे पता चलता है कि पूरे विश्व में भारत व प्रधानमंत्री मोदी का कितना सम्मान है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## वर्ग पहेली 5768



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1870 को इस देश में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरूआत हुई (4)
6. मछली, मत्स्य (2)
7. अहिरावण का एक द्वारपाल जो पुराणानुसार हनुमान का पुत्र माना जाता है (5)
9. अस्वीकार करना, वचन तोड़ना (4)
11. बहुत थका, उत्साह भंग होने का भाव, साहस टूटना (2)
12. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)
14. भिक्षा मांगने वाला, भिक्षुक (3)
16. अलमस्त, बिंदास, मनमस्त (4)
18. यह संसार की सबसे लंबी नदी है, श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
19. गर्व, घमंड, फख्र (2)
20. व्यंग्य, आक्षेप वाक्य, कटाक्ष (2)
21. साहसी पुरुष, बहादुर, पराक्रमी (2)
23. ताया, जेठा चाचा (2) (2)
24. जमींदारी, इलाका (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भारत के एक लोकप्रिय पूर्व रेडियो उद्घोषक (6)
2. प्रसिद्ध अप्सरा जिसे विश्वामित्र की कठोर तपस्या से डरकर इंद्र ने उनके तप-भंग करने के लिए भेजा था (3)
3. हसरत, आरजू, तमन्ना (3)
4. अभिभावक, संरक्षक, संरक्षण देने वाला (5)
5. प्रतिदिन, नित्य (2)
8. नष्ट, बर्बाद, ध्वंस (2)
10. काव्य मर्मज्ञ, जो रस पान करे, रस लेने वाला (3)
12. किसी कार्य के लिए किसी का नाम निश्चित करने की क्रिया (5)
13. कंठहार, पर्वत श्रेणी, तारतम्य, सूत्राली (2)
15. प्रचलित, काम चलाऊ (4)
17. इस्लाम धर्म का विद्वान, बच्चों का पढ़ाने वाला, धर्म दीक्षक (3)
22. हानि, आक्रमण, आपत्ति, हानि आदि से बचाव (2)

**वर्ग पहेली 5767 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चं | द्र | शे | ख | र | आ | जा | द |
| द्र | | खी | ल | | का | न | न |
| शे | र | | ना | लि | श | | द |
| ख | त | रा | | | गं | धा | ना |
| र | ज | ज | | आ | गा | | ना |
| | गा | रा | | क्र | | चु | |
| वि | | आ | ज | म | | ना | ना |
| ती | मा | | ग | ण | दे | व | ता |

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025- एक धरती, एक शांति, एक योग

(पंकज आर्य )

योग-संस्कृति के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्पित प्रयासों का ही परिणाम था कि संयुक्त राष्ट महासभा ने 21 जून को 'अंतरराष्टीय योग दिवस' के रूप में मान्यता प्रदान की–जो सम्पूर्ण मानवता के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

आगामी 21 जून, अर्थात 11वां अंतरराष्टीय योग दिवस, भारत के लिए केवल एक तिथि भर नहीं, बल्कि आत्मगौरव और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक है। यह वही दिन है जब भारत की प्राचीन पहचान को वैश्विक स्तर पर एक नई स्वीकृति और सम्मान प्राप्त हुआ। आज संपूर्ण विश्व भारत को 'योगभूमि' के नाम से जानता है। यह उसी निरंतर साधना और समर्पण का परिणाम है कि 'योग' आज विश्व पटल पर स्थापित हो चुका है।

योग न किसी धर्म से जुड़ा है, न किसी मत, मज़हब या जाति से। यह पूर्णतः निरपेक्ष और मानव उपयोगी पद्धति है। यही कारण है कि योग का अभ्यास आज विश्व के हर कोने में, हर मत-पंथ के अनुयायियों द्वारा निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। योग ही एकमात्र ऐसा उपहार है, जिसे भारतीय ऋषियों ने मानवता को दिया और जो सम्पूर्ण मानव जीवन के लिए समान रूप से लाभकारी है।

आज जब विश्व अशांति, हिंसा, कलह और अपराध की गिरफ्त में है, तब योग ही एकमात्र उपाय है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट में शांति की स्थापना कर सकता है। जब तक मानव जीवन में योग नहीं होगा, तब तक वैश्विक शांति केवल एक कोरी कल्पना भर रहेगी।

आज अधिकांश देश किसी न किसी रूप में हिंसा से ग्रस्त हैं–कहीं सीमाओं पर तनाव है, तो कहीं आंतरिक विद्वेष। इसका मूल कारण यही है कि योग के स्थान पर भोग को महत्व देने वाली दूषित विचारधारा ने मनुष्यता को ग्रस लिया है। परंतु अब भी समय है–हमें संभलना होगा। योग को जीवन में उतारना होगा, उसे आचरण में लाना होगा, योग को जीना होगा। क्योंकि व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट निर्माण संभव है।

योग वही शक्ति है जो साधक को दुर्गुण और दुर्व्यसनों से मुक्ति दिलाती है। हमारे इतिहास में ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जहाँ योग के माध्यम से साधारण व्यक्ति ने असाधारण ऊंचाइयाँ प्राप्त कीं। चाहे महायोगी शिव हों, योगेश्वर श्रीकृष्ण हों, महर्षि अरविंद या महर्षि दयानंद–सभी के जीवन में योग की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

इसी योग-संस्कृति के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्पित प्रयासों का ही परिणाम था कि संयुक्त राष्ट महासभा ने 21 जून को 'अंतरराष्टीय योग दिवस' के रूप में मान्यता प्रदान की–जो सम्पूर्ण मानवता के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

हाल के वर्षों में हमने देखा कि जब वैश्विक महामारी 'कोरोना' ने तांडव मचाया, तब भारत में अन्य देशों की तुलना में इसका प्रभाव अपेक्षाकृत कम रहा। इसका एक बड़ा कारण था–भारत में योग और आयुर्वेद का व्यापक उपयोग। विशेषकर श्वसन प्रणाली को मजबूत करने वाले भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, भुजंगासन जैसे योगाभ्यासों ने लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त किया।

## आज का राशिफल

### मेष
आज कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कोई पुराना प्रॉजेक्ट पुनः शुरू हो सकता है जो पहले रुका हुआ था। नौकरीपेशा जातकों को टीम का सहयोग मिलेगा, जिससे प्रदर्शन बेहतर होगा। व्यापारी वर्ग को किसी बड़े ऑर्डर की प्राप्ति हो सकती है। धन की आवक पहले से बेहतर होगी।

### वृष
आज आमदनी के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं, विशेषकर वे लोग जो डिजिटल या टेक्नॉलजी के क्षेत्र से जुड़े हैं। उन्हें कोई बड़ा प्रॉजेक्ट मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए उच्चाधिकारियों से चर्चा सकारात्मक रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता उभरकर सामने आएगी। किसी बड़े क्लाइंट से डील फाइनल हो सकती है।

### तुला
आज कार्यक्षेत्र में अचानक बदलाव का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन ये परिवर्तन सकारात्मक साबित होंगे। नए प्रॉजेक्ट्स में आपका चयन हो सकता है जिससे आपकी प्रतिष्ठा और आय में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा या ऑनलाइन जॉब्स के लिए प्रयास करें, अच्छा परिणाम मिलेगा। छोटे व्यवसायियों को सरकारी योजनाओं से लाभ मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज दिन कारोबारी निर्णयों के लिए अत्यंत उपयुक्त है। किसी बड़े ब्रांड के साथ मिलकर आप कोई बड़ा काम करने के बारे में सोच रहे हैं। नई नौकरी के लिए आवेदन कर रहे लोगों को इंटरव्यू कॉल मिलने की संभावना है। आय के स्रोतों में विविधता आएगी। जो लोग शेयर मार्केट या निवेश से जुड़े हैं उन्हें थोड़ा जोखिम लेने पर लाभ हो सकता है।

### मिथुन
आज भाग?य साथ दे रहा है। आपको लाभ के कई स्रोत मिल सकते हैं, विशेषकर यदि आप किसी रचनात्मक या कलात्मक क्षेत्र में हैं। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन या वेतनवृद्धि की सूचना मिल सकती है। खुदरा व्यापार या वस्त्र, सौंदर्य प्रसाधन, डिजाइनिंग से जुड़े लोगों को बड़ा ग्राहक मिल सकता है।

### कर्क
आज दिन शुभ है और आपके लिए लाभ के योग बने हैं। यदि कोई इंश्योरेंस, टैक्स रिफंड या पुराना निवेश है तो उससे लाभ मिल सकता है। व्यवसाय में गुप्त योजना या रिसर्च से जुड़ा कार्य फल देगा। आयात-निर्यात या कानूनी सलाह से जुड़े लोग प्रगति करेंगे।

### धनु
आज ग्रह स्थिति आपको कार्यक्षेत्र में नया आत्मविश्वास देगी। टीम लीडर्स और प्रॉजेक्ट मैनेजर्स को प्रेजेंटेशन में सफलता मिलेगी। व्यवसायिक यात्राओं से लाभ होगा। व्यापार में कोई पुराना अटका भुगतान मिल सकता है। शेयर या म्यूचुअल फंड से लाभ होगा। यदि आप शिक्षा या परामर्श क्षेत्र में हैं तो कोई बड़ी डील हाथ लग सकती है।

### मकर
आज नौकरी में वरिष्ठ अधिकारी से सकारात्मक लाभ होगा। इससे कोई पुराना अटका कार्य गति पकड़ेगा। व्यापार में किसी पुराने मित्र के सहयोग से नई साझेदारी या निवेश का प्रस्ताव आएगा। दिन के उत्तरार्ध में कोर्ट या किसी कानूनी मामले में लाभ के संकेत हैं। संतान की ओर से करियर से संबंधित कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

### सिंह
आज दिन काफी व?यस?तता से भरा होगा। ऑफिस में काम का दबाव अधिक रहेगा और साथ ही त्वरित निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों से मदद न मिलने पर अकेले ही समस्याओं का समाधान करना पड़ सकता है। कानूनी या विवादित मामलों से जुड़ी आर्थिक उलझनें बढ़ सकती हैं।

### कन्या
आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनी रहेगी लेकिन आप अपनी ऊर्जा और अनुभव से हर चुनौती को पार कर पाएंगे। आपके लिए दिन उम?मीदों से भरा होगा और धन सम?मान में लाभ होने के योग हैं। पुराने क्लाइंट्स से दोबारा डील मिल सकती है या नया एग्रीमेंट साइन हो सकता है।

### कुंभ
आज आर्थिक स्थिति में मजबूती आने के संकेत हैं। कोई पुराना निवेश लाभ देगा। प्रॉपर्टी या वाहन से संबंधित कोई बड़ा निर्णय लिया जा सकता है जो आगे चलकर लाभदायक रहेगा। ऑफिस में आपके सीनियर्स आपसे प्रसन्न रहेंगे और आपको विशेष जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। स्वरोजगार या नया बिजनस शुरू करने का विचार करने वालों के लिए समय अनुकूल है।

### मीन
आज दिन नौकरीपेशा और स्वतंत्र व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए बहुत व्यस्त रहेगा, परंतु आपकी मेहनत का प्रतिफल मिलेगा। प्रमोशन या विभागीय परिवर्तन के संकेत मिल सकते हैं। मार्केटिंग, सेल्स, मीडिया और एजुकेशन से जुड़े जातकों को विशेष उपलब्धि प्राप्त हो सकती है। फ्रीलांसर और कंसल्टेंट्स को पुराने क्लाइंट्स से दोबारा अवसर मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली से तस्करी कर श्रीनगर लाई गई दो लड़कियों को बचाया गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से तस्करी कर जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में ले जाकर घरेलू सहायिका के रूप में काम करने के लिए मजबूर की गईं दो लड़कियों को बचा लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 13 और 15 साल की ये लड़कियां 23 दिसंबर 2024 को लापता हो गई थीं। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया, ''इन लड़कियों में से एक की मां ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी बेटी और बेटी की सहेली को आखिरी बार 22 दिसंबर को राजीव नगर में उनके घर के बाहर खेलते हुए देखा गया था। शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 137 (2) (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया गया था।'' पुलिस ने बताया कि लड़कियों की बरामदगी में मदद के लिए उनके बारे में सूचना देने पर ढाई हजार रुपये इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि स्थानीय पुलिस द्वारा शुरू की गई जांच 17 अप्रैल को मानव तस्करी निरोधक इकाई को सौंपी गई और उसे श्रीनगर में सक्रिय एक मोबाइल नंबर के सबूत मिले। पुलिस ने बताया कि संयुक्त छापेमारी में श्रीनगर के एक घर में घरेलू सहायिका के रूप में काम कर रही लापता लड़कियों में से एक को बचा लिया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के अनुसार, पूछताछ के दौरान लड़की ने बताया कि उस दिन वे रास्ता भटक गए थे और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गए थे, जहां एक व्यक्ति उनसे मिला और उसने उन्हें नौकरी और पैसे दिलाने का वादा किया। स्वामी ने बताया कि बाद में वह उन्हें श्रीनगर ले गया और एक एजेंट को सौंप दिया, जिसने उन्हें घरेलू सहायिका के रूप में अलग-अलग घरों में रख लिया। इसके बाद, दूसरी लड़की को भी श्रीनगर में दूसरे स्थान से बरामद कर बचाया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें तस्करी करने वाले व्यक्ति और उन्हें काम पर रखने वाले एजेंट की पहचान करने के लिए आगे की जांच की जा रही है।

### दिल्ली में 22 जून तक दस्तक दे सकता है मानसून

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले दो दिनों में मध्य, पश्चिमी और पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में पहुंचने वाला दक्षिण-पश्चिमी मानसून अगले दो से तीन दिनों में दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, 25 जून तक हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सहित उत्तर-पश्चिमी भारत के बड़े हिस्सों में वर्षा का अनुमान है। आईएमडी के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि मानसून सामान्य तिथि 30 जून से पहले 22 जून तक दिल्ली पहुंच सकता है। आईएमडी के मुताबिक, अगले सप्ताह में देश के शेष भागों में भी सामान्य तिथि से पहले ही मानसून की बारिश होने की संभावना है। जून के शुरू से वर्षा की कमी के कारण तापमान में तीव्र वृद्धि हुई, जिससे आठ-नौ जून से उत्तर-पश्चिमी और मध्य भारत के बड़े हिस्से में लोगों को लू की स्थिति का सामना करना पड़ा। आईएमडी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल और गुजरात पर कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण मानसून 16 जून से 18 जून तक तेजी से आगे बढ़ा। मानसून आमतौर पर एक जून तक केरल में दस्तक देता है, 11 जून तक मुंबई पहुंचता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में इस मौसमी प्रणाली के कारण बारिश होती है।

### रणथंभौर की लोकप्रिय बाघिन एरोहेड की ब्रेन ट्यूमर से मौत

**रणथंभौर, एजेंसी।** रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान की लोकप्रिय बाघिनों में से एक एरोहेड की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वन अधिकारियों ने बताया कि एरोहेड (टी-84) की ब्रेन ट्यूमर से मौत हुई है। उल्लेखनीय है कि लगभग 11 वर्षीय ऐरोहेड रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान की प्रसिद्ध बाघिन मछली के परिवार से थी। थोड़े दिन पहले ही एरोहेड उस समय सुर्खियों में आई थी जब उसने एक जलाशय में मगरमच्छ का शिकार किया था और इसका एक वीडियो वायरल हो गया। वन्य जीव प्रेमियों के अनुसार, एरोहेड द्वारा इस तरह किए गए शिकार ने मछली के शिकार कौशल की याद दिला दी, जिसे अक्सर 'रणथंभौर की रानी' और 'मगरमच्छ शिकारी' के रूप में जाना जाता था। वन अधिकारियों और वन्यजीव प्रेमियों ने बृहस्पतिवार को एरोहेड को अंतिम संस्कार से पहले भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रणथंभौर के वरिष्ठ वन्यजीव गाइड शाकिर अली ने कहा, एरोहेड ने ताकत और भावना दोनों ही रूप में अपनी मां मछली की विरासत को आगे बढ़ाया। रणथंभौर के फील्ड डायरेक्टर अनूप के आर के अनुसार, इस बाघिन का जन्म फरवरी 2014 में हुआ था। उसे ज्यादातर उद्यान के जोन 2, 3, 4 और 5 में देखा गया था, जिसमें नलघाटी और राजबाग झील उसका मुख्य क्षेत्र था। उन्होंने कहा, एरोहेड को न केवल उसके आकर्षक रूप के लिए बल्कि बाघों की आबादी बढ़ाने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी सराहा गया। यह भी उल्लेखनीय है कि उसकी मृत्यु उसकी संतान कनकती को वन विभाग द्वारा उद्यान से बाहर ले जाने के कुछ ही दिनों बाद हुई है। रणथंभौर नेचर गाइड एसोसिएशन के सदस्यों व अन्य वन्यजीव प्रेमियों ने एरोहेड को पुष्पांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह ने कहा कि एरोहेड को उसके उग्र स्वभाव और उद्यान की पारिस्थितिक विरासत पर गहरी छाप के लिए याद किया जाएगा।

# अब केवल 45 दिन तक ही सुरक्षित रखे जाएंगे चुनाव प्रक्रिया के वीडियो और फोटो, ईसी ने घटाया समय?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग (ईसी) ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित वीडियो फुटेज और तस्वीरों को संरक्षित करने की अवधि को संशोधित करते हुए इसे घटाकर 45 दिन कर दिया है। यह निर्णय मतदान परिणामों की घोषणा के बाद लागू होगा, और यदि इस अवधि में कोई चुनाव याचिका दायर नहीं की जाती है, तो डेटा को नष्ट किया जा सकता है। आयोग ने इस बदलाव का कारण हाल के दिनों में इस सामग्री के दुरुपयोग को बताया है। यानी वीडियो फुटेज और तस्वीरों से संबंधित डाटा चुनाव परिणामों की घोषणा के 45 दिन बाद तक स्टोर करके रखा जाएगा और उसके बाद डिलीट किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को इस फैसले की सूचना दी। नई गाइडलाइंस के अनुसार, मतदान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों जैसे नामांकन पूर्व अवधि, नामांकन चरण, प्रचार अवधि, मतदान (मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर), और मतगणना से संबंधित फुटेज को अब केवल 45 दिनों तक संरक्षित किया जाएगा। यह अवधि चुनाव याचिका दायर करने की समयसीमा के अनुरूप रखी गई है। यदि कोई याचिका दायर होती है, तो संबंधित फुटेज को मामले के निपटारे तक सुरक्षित रखा जाएगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (ष्टश्वह्रह्य) को भेजे गए निर्देशों में हालिया दुरुपयोग का हवाला दिया गया है। आयोग ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया



की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कानून द्वारा अनिवार्य नहीं है, बल्कि यह आंतरिक प्रबंधन का एक उपकरण मात्र है। आयोग ने लिखा, हाल के समय में गैर-उम्मीदवारों द्वारा इन सामग्रियों के दुरुपयोग की घटनाएं सामने आई हैं, जहां सोशल मीडिया पर इन्हें तोड़-मरोड़कर, संदर्भ से हटाकर प्रसारित किया गया, जिससे गलत सूचनाएं और दुर्भावनापूर्ण नैरेटिव फैलाए गए। इसका कोई कानूनी परिणाम नहीं निकलता, इसलिए समीक्षा करना आवश्यक था।

**पहले एक साल तक सुरक्षित रहती थी रिकॉर्डिंग :** यह नया निर्देश 6 सितंबर, 2024 को जारी हुए पुराने दिशा-निर्देशों से अलग है, जिनमें अलग-अलग चरणों की रिकॉर्डिंग को 3 महीने से लेकर 1 साल तक सुरक्षित रखने की बात कही गई थी। उदाहरण के लिए, नामांकन से पहले की रिकॉर्डिंग 3 महीने तक, और मतदान एवं मतगणना से जुड़ी रिकॉर्डिंग 6 महीने से लेकर 1 साल तक सुरक्षित रखने के निर्देश थे। अब आयोग ने इसे चुनाव याचिका दाखिल करने की अधिकतम 45 दिनों की कानूनी समय-सीमा से जोड़ दिया है। यदि इस अवधि में कोई याचिका दाखिल होती है, तो रिकॉर्डिंग तब तक सुरक्षित रखी जाएगी जब तक मामला अदालत में लंबित है। यह दिशा-निर्देश भविष्य में लागू होंगे।

**चुनावी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की होती है रिकॉर्डिंग :** मतदान केंद्रों के भीतर और बाहर की गतिविधियों, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (श्वङ्करू) की जांच, स्टोरेज, परिवहन और मतगणना के दौरान की गतिविधियों की वीडियोग्राफी होती है। मतदान के समय वेबकास्टिंग के जरिए निगरानी की जाती है, वहीं चुनाव प्रचार की रिकॉर्डिंग उम्मीदवारों के खर्च और आचार संहिता के उल्लंघन की निगरानी के लिए होती है।

**दिसंबर 2024 में भी हुआ था एक बड़ा बदलाव :** यह चुनावी सीसीटीवी फुटेज से जुड़ा आयोग का दूसरा बड़ा बदलाव है। दिसंबर 2024 में सरकार ने चुनाव संचालन नियमों के नियम 93(2)(ए) में संशोधन करते हुए सार्वजनिक पहुंच को सीमित कर दिया था। पहले नियम कहता था कि चुनाव से संबंधित सभी अन्य कागजात सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले होंगे। लेकिन संशोधन के बाद इसमें इन नियमों में निर्दिष्ट सभी अन्य कागजात जोड़ दिया गया, जिससे यह स्पष्ट कर दिया गया कि सीसीटीवी फुटेज चुनावी कागजात की श्रेणी में नहीं आता और इस पर आम जनता का अधिकार नहीं है। आयोग का तर्क था कि सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक करना मतदाता की गोपनीयता का उल्लंघन हो सकता है और इसका दुरुपयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए किया जा सकता है। दिसंबर 2024 में यह संशोधन उस वक्त किया गया था जब पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने अधिवक्ता महमूद प्राचा की याचिका पर हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़ी वीडियो रिकॉर्डिंग और दस्तावेज जारी करने का निर्देश दिया था। चुनाव आयोग के इस फैसले ने पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए हैं। विपक्षी दलों और नागरिक संगठनों ने पहले भी मतदाता मतदान डेटा और फॉर्म 17सी की सार्वजनिक उपलब्धता की मांग की थी। मार्च 2025 में, सुप्रीम कोर्ट ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें बूथ-वार मतदान डेटा को 48 घंटे के भीतर प्रकाशित करने की मांग की गई थी। आयोग ने इस मांग को यह कहकर खारिज कर दिया था।

## महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों से पहले उद्धव और राज ठाकरे में गठबंधन के मिल रहे संकेत

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों से पहले उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे में गठबंधन के संकेत मिल रहे हैं। इस बात का इशारा खुद उद्धव ठाकरे ने दिया है। शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह नगर निगम चुनावों से पहले उनके चचेरे भाई राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन की संभावना को विफल करने की कोशिश कर रही है। उद्धव ने यह बातें दिवंगत बाल ठाकरे द्वारा गठित अविभाजित शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक रैली को संबोधित करते कहीं। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी को चेतावनी दी कि अगर उसने 'ठाकरे ब्रांड' को नुकसान पहुंचाया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

भाजपा पर साधा निशानाउद्धव ने कहा कि मराठी दलों के गठबंधन की संभावना को विफल करने के लिए होटलों और अन्य जगहों पर बैठकें की जा रही हैं। वह जाहिर तौर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ राज ठाकरे की शहर के एक पांच सितारा होटल में हाल ही में हुई बैठक का जिक्र कर रहे थे। ठाकरे ने नाना पाटेकर अभिनीत फिल्म 'प्रहार' का संवाद दोहराते हुए कहा, 'लोग जो चाहते हैं, वही होगा। हम देखेंगे कि यह कैसे किया जाता है। भाजपा और एकनाथ शिंदे-नीत शिवसेना नहीं चाहती कि मराठी पार्टियां एकजुट हों। यदि आप ठाकरे ब्रांड को खत्म करने की कोशिश करेंगे, तो हम भाजपा को खत्म कर देंगे। मैं तैयार हूं। मैं भाजपा से कहना चाहता हूं.....जब आप मुझे लेने आएं.....अपने लिए एम्बुलेंस लेकर आएं।' अटकलें हैं कि मुंबई और राज्य के अन्य हिस्सों में निकाय चुनाव के मद्देनजर दोनों ठाकरे चचेरे भाई गठबंधन कर सकते हैं। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य में हिंदी को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मुंबई निकाय पर पार्टी का कब्जा बरकरार रहने का भरोसा जताते हुए कहा कि भाजपा निकाय चुनावों की पूर्व संध्या पर मराठी और हिंदी भाषी लोगों के बीच विभाजन पैदा करना चाहती है। उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि भाजपा के पास अपनी कोई विरासत नहीं है। उसे सरदार वल्लभभाई पटेल की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करनी पड़ी।

## आकाशीय बिजली का कहर! उत्तर प्रदेश में बीजेपी नेता और चार बच्चों समेत 5 लोगों की मौत

**कौशांबी , एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों में मौसम ने जोरदार करवट ली है। तेज हवाएं और रह रह कर बारिश हो ही है। आसमान में तेज बिजली भी चमक रही है। मौसम की मार से लोग काफी ज्यादा परेशान है। कौशांबी जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सराय अकिल थाने के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि जुगराजपुर गांव के चार बच्चे- सतीश कुमार (13), मनी (13), पवन दास और दीपांजलि बकरियां चरा रहे थे। इस दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी और चारों बच्चे इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि झुलस गए इन बच्चों को परिजन तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सतीश और मनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि पवन और दीपांजलि को प्राथमिक उपचार के बाद खतरे से बाहर बताया गया है। अधिकारी के अनुसार इस घटना की जानकारी आपदा प्रबंधन विभाग को भेज दी गई है क्षेत्राधिकार अभिषेक सिंह ने बताया कि तारा का पुरा गांव में तीन बच्चे- गोविंद (15), रूपा देवी (12) और मोहित (10) भैंस चराने गए थे, तभी आकाशीय बिजली गिर गई और तीनों बच्चे झुलस गए।

# कर्नाटक सरकार ने लियाआवासीय योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का फैसला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस शासित कर्नाटक की सिद्धरमैया सरकार ने मुस्लिमों पर फिर मेहरबानी दिखाई है। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने 19 जून को राज्य में विभिन्न आवासीय योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के. पाटिल ने कहा, ''राज्य भर में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में आवास विभाग द्वारा लागू की जा रही विभिन्न आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यकों में बेघरों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कांग्रेस सरकार द्वारा यह फैसला सरकारी सिविल ठेकों में 4त्न मुस्लिम आरक्षण संबंधी विधेयक पारित करने के कुछ सप्ताह बाद लिया गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया है।

**विपक्षी भाजपा भड़की :** मुख्य विपक्षी दल भाजपा सिद्धरमैया सरकार के इस फैसले से भड़क उठी है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने सरकार के इस फैसले की निंदा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अतिरिक्त कोटा एससी/एसटी और ओबीसी



समुदाय के सदस्यों के लिए बने घरों की संख्या को कम कर देगा और कहा कि भाजपा भविष्य की कार्रवाई के बारे में फैसला करेगी।

**अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे: केंद्रीय मंत्री :** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, यह संविधान के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट ने भी धर्म आधारित आरक्षण को खारिज कर दिया है। इससे ओबीसी, एससी, एसटी और सामान्य जाति के गरीब लोगों का कोटा कम हो जाएगा। कर्नाटक सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। मैं इसकी निंदा करता हूं... हम इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा भी खटखटाएंगे। हालांकि, राज्य सरकार ने कहा कि उसका यह फैसला केंद्र सरकार के निर्देश के जवाब में लिया गया है, जिसमें कहा गया है कि अल्पसंख्यक समुदाय आवास की कमी का सामना कर रहे हैं। सीएम कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, हमारी सरकार ने इन समुदायों के बेघर लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए और सामाजिक न्याय को बनाए रखने के लिए कोटा बढ़ाया है। मार्च में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में दिया था आरक्षण बता दें कि इसी साल मार्च में सिद्धारमैया सरकार ने सरकारी सिविल ठेकों में मुस्लिमों को चार फीसदी आरक्षण का प्रावधान करने वाला बिल विधानसभा से पारित कराया था।

# पहले सीनियर अब्दुल्ला अब सीएम बेटे ने की वंदे भारत की सवारी; श्रीनगर से पहुंचे कटरा

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पारंपरिक यात्रा के साधनों की जगह आज (गुरुवार, 19 जून को) सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन सेवा को चुनते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस से श्रीनगर से कटरा तक की यात्रा की। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ उनके पिता डॉ. फारूक अब्दुल्ला भी थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि कटरा पहुंचने पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। श्रीनगर से कटरा के बीच वंदे भारत ट्रेन का हाल ही में उद्घाटन हुआ है। अपनी यात्रा के दौरान सीएम अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्रेन के अंदर बैठी तस्वीरें और 20 सेकंड का एक वीडियो क्लिप साझा करते हुए लिखा, जम्मू जाने का समय आ गया है। इस पोस्ट में उन्होंने ट्रेन की खिड़की के पास बैठे हुए और पृष्ठभूमि में वंदे भारत के आधुनिक इंटीरियर के साथ अपनी तस्वीरें साझा कीं। पिछले दिनों फारूक अब्दुल्ला ने की थी सवारी अपनी सुविधा, गति और



आधुनिक सुविधाओं के लिए जानी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के विस्तारित रेलवे आधुनिकीकरण का प्रतीक है। उनसे पहले पिछले हफ्ते उनके पिता फारूक अब्दुल्ला ने 10 जून को श्रीनगर से कटरा तक ट्रेन से यात्रा की थी। तब उन्होंने कहा था कि वह यह देखकर अभिभूत हैं कि कश्मीर अंततः देश के रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। फारूक अब्दुल्ला ने तब वंदे भारत ट्रेन में यात्रा की थी और कटरा में मां वैष्णो देवी मंदिर में मत्था टेका था। उन्होंने कहा था कि माता वैष्णो देवी मंदिर में अछे दर्शन किए और क्षेत्र में समृद्धि और भाईचारे के लिए प्रार्थना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6 जून को अपनी जम्मू-कश्मीर यात्रा के दौरान श्री माता वैष्णो देवी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन किया था। अगले 10 दिनों के लिए बुकिंग फुल रेलवे अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में शुरू की गई कटरा-श्रीनगर मार्ग पर चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों की भारी मांग देखी जा रही है और अगले 10 दिनों के लिए बुकिंग फुल हो गई है। गौरतलब है कि चिनाब नदी पर बना यह पुल दुनिया का सबसे ऊंचा पुल है और भारतीय रेलवे के लिए एक मील का पत्थर है, जिसे कई उतार-चढ़ावों के बाद एक कठिन इलाके में पूरा किया गया। यह कश्मीर को जम्मू और पूरे देश से रेल के जरिए जोड़ता है। अब्दुल्ला ने कहा, जम्मू-कश्मीर को पूरे देश से जोड़ने के लिए यह सबसे बड़ा तोहफा है... चेनाब ब्रिज पार करते समय मेरी आंखों में आंसू थे। आखिरकार वह दिन आ गया है जब हम ट्रेन से कश्मीर से देश की यात्रा कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ में ब्लैकमेल करने वाले कपल के घर मिला करोड़ों का खजाना

**दुर्ग, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सेक्सटॉर्शन का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिसमें एक शातिर पति-पत्नी ने मिलकर भिलाई के एक बड़े सराफा व्यवसायी को ब्लैकमेल करते हुए उससे करीब दो करोड़ रुपए की वसूली कर ली। मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी दंपति से परेशान होकर व्यापारी ने खुदकुशी करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने उसे बचा लिया। जिसके बाद उसने अपने साथ हो रही ब्लैकमेलिंग की पूरी कहानी परिजनों को बता दी। तब जाकर मामला पुलिस तक पहुंचा और करोड़ों रुपए की अवैध वसूली के इस पूरे खेल का खुलासा हो गया। इस मामले को लेकर वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी पहचान नीलिमा यादव उर्फ नीलम लहरे और उसके पति आनंद के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी महिला ने व्यापारी को वीडियो कॉल करते हुए अपने कपड़े उतार दिए, जिसके बाद ज्वेलर बहक गया और उसके झांसे में आ गया। इसके बाद शातिर महिला ने पति के साथ मिलकर साजिश रचते हुए ज्वेलर को अपने घर बुलाया, जहां एक बार फिर उसे अपने जाल में फंसाते हुए महिला ने ज्वेलर का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद पति-पत्नी मिलकर उसे ब्लैकमेल करने लगे और उससे लगभग 2 करोड़ रुपए की अवैध वसूली कर ली। इस रकम से उन्होंने



आलीशान जिंदगी जीते हुए जमीन, बंगला, गाड़ी, ज्वेलरी खरीद लगी। आरोपियों ने पीड़ित कारोबारी को इतना प्रताड़ित किया कि छुटकारा पाने के लिए उसने आत्महत्या करने की कोशिश भी कर ली। ऐसे में परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई तब जाकर मामला थाने पहुंचा। पुलिस के मुताबिक पीड़ित सराफा कारोबारी की भिलाई के वैशाली नगर में बड़ी ज्वेलरी की दुकान है। 4 साल पहले नीलिमा यादव उर्फ नीलम लहरे नाम की महिला सराफा व्यवसायी की दुकान में काम मांगने के लिए गई थी। इसी बीच नीलिमा ने बातचीत के दौरान व्यवसायी को अपने जाल में फंसा लिया। मोबाइल नंबर मांगकर उससे बातचीत करने लगी। इस बीच उसने वीडियो कॉल पर अश्लील हरकत भी की, जिससे व्यवसायी बहक गया।

# अगले सप्ताह चीन जा रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गलवान झड़प के बाद पहला दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 25 से 27 जून तक चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे। यह यात्रा 2020 के गलवान संघर्ष के बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की चीन की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। एससीओ की इस बैठक में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित 10 देशों के रक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग, आतंकवाद विरोधी उपायों और कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

**द्विपक्षीय वार्ता की संभावना :** राजनाथ सिंह इस बैठक के दौरान अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जुन और रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलौसोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं। अक्टूबर 2024 में हुए भारत-चीन सीमा समझौते के बाद चीनी रक्षा मंत्री के साथ राजनाथ सिंह की पहली पहली मुलाकात होगी। उस समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने के लिए सैनिकों की वापसी और गश्त की बहाली पर सहमति बनी थी। इसके अलावा, राजनाथ सिंह कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों के रक्षा मंत्रियों से भी



मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के साथ कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी। भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के कारण ऐसी कोई वार्ता संभव नहीं है।

**भारत-चीन संबंधों में सुधार के संकेत :** यह यात्रा भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने कई विश्वास-बहाली के उपाय शुरू किए हैं। इनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली, नदियों के जल डेटा साझा करना, सीधी हवाई उड़ानों की बहाली और वीजा प्रक्रिया को आसान करना शामिल है। भारत ने चीन की एससीओ अध्यक्षता को भी समर्थन दिया है, जिसे हाल ही में नई दिल्ली में भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री और चीनी उप विदेश मंत्री सुन वेइडॉन्ग के बीच हुई बातचीत में दोहराया गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दिसंबर 2024 में 23वें विशेष प्रतिनिधि बैठक के लिए चीन का दौरा किया था, और भारतीय विदेश सचिव ने जनवरी 2025 में बीजिंग का दौरा किया था।

**क्यों खास है ये यात्रा :** यह यात्रा 2020 के गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन संबंधों में आए ठहराव के बाद हो रही है, जिसने दोनों देशों के बीच तनाव को बढ़ा दिया था। अक्टूबर 2024 के समझौते के बाद दोनों देशों ने सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठाए हैं। राजनाथ सिंह ने इससे पहले लाओस में आयोजित 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) में नवंबर 2024 में एडमिरल डोंग जुन से मुलाकात की थी, जो सीमा समझौते के बाद उनकी पहली बातचीत थी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के मुद्दे चर्चा में हैं। हाल ही में, भारत ने इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों की निंदा करने वाले एससीओ के बयान से खुद को अलग कर लिया था। भारत ने स्पष्ट किया कि वह इस बयान के मसौदे में शामिल नहीं था।

# भारत का स्कोर 240 रन के पार पहुंचा, गिल-पंत क्रीज पर, यशस्वी आउट हुए

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच आज लीड्स में पहले टेस्ट की शुरुआत हो चुकी है। भारतीय टीम इस दौरे की शानदार शुरुआत करने के इरादे से उतरी है। रोहित-कोहली की अनुपस्थिति में गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है।

इंग्लैंड के खिलाफ भारत का स्कोर 240 रन के पार पहुंच गया है। भारत को यशस्वी के रूप में तीसरा झटका लगा जो शतक लगाकर आउट हुए। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत गिल का साथ देने उतरे और दोनों के बीच अब तक 21 रनों की साझेदारी हो गई है।

यशस्वी जायसवाल शतक लगाकर पवेलियन लौट गए हैं। यशस्वी और गिल के बीच तीसरे विकेट के लिए 129 रनों की साझेदारी हुई जिसे बेन स्टोक्स ने यशस्वी को आउट कर तोड़ा। दूसरे सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाज विकेट के लिए तरस गए थे, लेकिन तीसरे सत्र की शुरुआत में ही उन्हें यशस्वी का विकेट मिला। यशस्वी 159 गेंदों पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए।



भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन के तीसरे सत्र का खेल शुरू हो गया है। दूसरा सत्र पूरी तरह भारत के नाम रहा था और अब तीसरे सत्र में गिल और यशस्वी की नजरें इस लय को बरकरार रखने पर टिकी होंगी। भारत का स्कोर अब तक 200 रन के पार पहुंच गया है।

यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल की साझेदारी से पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन का दूसरा सत्र पूरी तरह भारत के नाम रहा है। भारत ने लंच ब्रेक से ठीक पहले दो विकेट गंवाए थे और दूसरे सत्र में यशस्वी का साथ देने के लिए गिल उतरे थे। गिल और यशस्वी ने इस सत्र में इंग्लैंड को कोई सफलता हासिल नहीं करने दी जिससे भारत ने चायकाल तक दो विकेट पर 215 रन बनाए। यशस्वी ने इस दौरान अपना शतक पूरा किया, जबकि गिल ने अर्धशतक लगाया। यशस्वी और गिल के बीच तीसरे विकेट के लिए अब तक 123 रनों की साझेदारी हुई है। यशस्वी 100 और गिल 58 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 144 गेंदों पर शतक जड़ दिया है। यशस्वी ने पहले टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी जारी रखी है और कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी भी पूरी कर ली है। भारत का स्कोर भी 200 रन के पार पहुंच गया है। यशस्वी का इंग्लैंड में यह पहला टेस्ट शतक है और उन्होंने इसमें अपना दम दिखाया है।

यशस्वी और गिल के बीच तीसरे विकेट के लिए, शतकीय साझेदारी पूरी हो चुकी है। भारत का स्कोर 200 रन के करीब पहुंच गया है।

यशस्वी के बाद कप्तान शुभमन गिल ने भी इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगा दिया है। गिल ने 56 गेंदों पर पचासा पूरा किया। गिल और यशस्वी के बीच तीसरे विकेट के लिए शानदार साझेदारी हो रही है जिससे भारत का स्कोर 180 रन के पार पहुंच गया है।

यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल के बीच शानदार साझेदारी हो रही है जिससे भारत का स्कोर पहली पारी में 160 रन के पार पहुंच गया है। गिल और यशस्वी ने तीसरे विकेट के लिए अब तक 70+ रनों की साझेदारी कर ली है। यशस्वी ने जहां अर्धशतक पूरा कर लिया है, वहीं गिल भी पचासा लगाने के करीब पहुंच गए हैं।

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 96 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया है। यशस्वी ने केएल राहुल के साथ भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई और अब पचासा लगाने में सफल रहे। भारत का स्कोर 130 रन के पार पहुंच गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारत ने 100 रन पूरे कर लिए हैं। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल क्रीज पर टिके हुए हैं और उनका साथ देने के लिए शुभमन गिल उतरे हैं।

## हाले ओपन टूर्नामेंट

# हाले ओपन टूर्नामेंट में उलटफेर वर्ल्ड नंबर-1 सिनर को 45वीं रैंक एलेक्जेंडर बब्लिक ने हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बब्लिक ने हाले ग्रास टूर्नामेंट में एक बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर को हरा दिया। वर्ल्ड के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर को 45वीं रैंकिंग वाले बब्लिक ने 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी। समर 2023 के बाद यह पहला मौका है जब सिनर को टॉप-20 से बाहर के किसी खिलाड़ी ने हराया है।



सिनर ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में बब्लिक को केवल छह गेम में हराया था, लेकिन इस बार बब्लिक ने शानदार प्रदर्शन किया। अब तक दोनों 6 बार एक-दूसरे का आमना-सामना कर चुके हैं। बब्लिक ने कहा, हम टेनिस खिलाड़ी हर मैच जीतने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह जीत खास है। मैंने पहली बार नंबर एक खिलाड़ी को हराया।

बब्लिक अब क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से भिड़ेंगे, जिन्होंने हंगरी के फैबियन मारोजसान को 6-2, 6-3 से हराया। वर्ल्ड के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर को 45वीं रैंकिंग वाले बब्लिक ने 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी. वर्ल्ड के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर को 45वीं रैंकिंग वाले बब्लिक ने 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी

**एलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में पहुंचे:** वर्ल्ड नंबर-3 एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को तीन सेटों में 3-6, 6-4, 7-6 (7/2) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने सोनेगो के खिलाफ अपनी पांचवीं जीत हासिल की।

पहला सेट हारने के बाद ज्वेरेव ने दूसरे सेट में वापसी की और तीसरे सेट के टाईब्रेक में दबदबा बनाया। अब उनका मुकाबला इटली के फ्लावियो कोबोली से होगा।

एक अन्य मैच में, अर्जेंटीना के 63वें रैंक के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने चौथी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को तीन घंटे के कड़े मुकाबले में 6-3, 6-7 (4/7), 7-6 (8/6) से हराया। एचेवेरी ने अंतिम सेट के टाईब्रेक में दो मैच पॉइंट बचाए और अब क्वार्टर फाइनल में रूस के करेन खाचानोव से खेलेंगे।

## डब्ल्यूबीबीएल में इस साल भी ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगी जेमिमाह रॉड्रिग्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 ड्राफ्ट में चुनी गई एकमात्र भारतीय हैं। उन्हें उनकी पुरानी टीम ब्रिस्बेन हीट ने रिटेन किया है। गुरुवार को हुए डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के दौरान उन्हें मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था, लेकिन हीट ने रिटेंशन का उपयोग कर उन्हें अपने साथ बनाए रखा। पिछले साल हीट के लिए खेलते हुए जेमिमाह ने 10 पारियों में 33 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक के साथ कुल 267 रन बनाए थे। पिछले सीजन हीट फाइनल तक पहुंची थी और बारिश से प्रभावित फाइनल में मेलबर्न रेनेगेड्स से हारकर उपविजेता बनी थी।

यह रॉड्रिग्स का चौथा डब्ल्यूबीबीएल सीजन होगा। इससे पहले वह 2021-22 में रेनेगेड्स और 2022-23 में स्टार्स की तरफ से खेल चुकी हैं। कुल मिलकर उन्होंने इस लीग में 30 मैच की 28 पारियों में 26 की औसत और 121 के स्ट्राइक रेट से 644 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। रॉड्रिग्स के अलावा कुल 15 भारतीय डब्ल्यूबीएल और बीबीएल की ड्राफ्ट प्रक्रिया में शामिल थे।

इसमें भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल के अलावा यास्तिका भाटिया, शिखा पांडे, कनिका आहूजा, उमा छेत्री, सलोनी डांगोरे, अमरपाल कौर ढिल्लन, काश्वी गौतम, प्रिया मिश्रा, श्रेयंका पाटिल, निक्की प्रसाद, प्रतिका रावल, अरुंधति रेड्डी, एस मेघना, राधा यादव जैसे नाम शामिल थे। हालांकि इसमें से किसी का भी किस्मत का पिटारा नहीं खुल पाया।

## ऑस्ट्रेलिया- वेस्टइंडीजः

# मार्नस लाबुशेन पर गिरी गाज, वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट से ड्रॉप, स्मिथ भी बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027 के नए चक्र की शुरुआत करने जा रही है, लेकिन इस बार उनकी टीम में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं, वहीं हाल के समय में खराब फॉर्म से जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को भी टीम से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। उनकी जगह जोश इंगलिस और सैम कोन्स्टास को मौका दिया गया है, जो बारबाडोस में 25 जून से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की नई बल्लेबाजी लाइन-अप का हिस्सा होंगे।



**स्मिथ की चोटः**

स्टीव स्मिथ, जो ऑस्ट्रेलिया के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट के कारण अभी पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया, स्टीव की उंगली का घाव अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है। हम उन्हें एक हफ्ते और आराम दे रहे हैं और इसके बाद उनकी स्थिति का आकलन करेंगे। उम्मीद है कि स्मिथ 3 जुलाई से ग्रेनाडा में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट तक वापसी कर सकते हैं।

**लाबुशेन का खराब फॉर्मः**

वहीं, मार्नस लाबुशेन पिछले दो सालों से टेस्ट क्रिकेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हाल ही में लॉर्ड्स में खेले गए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह दोनों पारियों में क्रमशः 17 और 22 रन ही बना सके। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस हार के बाद चयनकर्ताओं ने कड़ा फैसला लेते हुए उन्हें पहले टेस्ट से बाहर कर दिया।

हालांकि, बेली ने लाबुशेन का हौसला बढ़ाते हुए कहा, मार्नस जब अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होता है, तो वह इस टीम का अहम हिस्सा है। हम उनके साथ उनके खेल के उन पहलुओं पर काम करेंगे, जिनमें सुधार की जरूरत है। हमें उनकी काबिलियत पर पूरा भरोसा है। ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में कप्तान पैट कमिंस के नेतृत्व में कई अनुभवी और युवा खिलाड़ी शामिल हैं।

**टीम इस प्रकार हैः**

पैट कमिंस (कप्तान), सैम कोन्स्टास, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, स्टीव स्मिथ, जोश इंगलिस, ट्रैविस हेड, एलेक्स कैरी, ब्यू वेबस्टर, मिशेल स्टार्क, सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन, मैट कुह्नमैन।

वहीं, वेस्टइंडीज की टीम रोस्टन चेज की कप्तानी में उतरेगी। उनकी टीम में क्रेग ब्रैथवेट, मिकाइल लुई, ब्रैंडन किंग, जॉन कैंपबेल, शाई होप, टेविन इमलाच, जस्टिन ग्रीव्स, कीसी कार्टी, जोमेल वारिकन, केवलोन एंडरसन, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, जोहान लेन, एंडरसन फिलिप और जेडन सील्स शामिल हैं।

## टेनिसः

# सरकारी लाभ लेने वाले टेनिस खिलाड़ियों को अब देश के लिए खेलने से इनकार करना पड़ेगा भारी, साई वसूलेगा रकम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नए आदेश के अनुसार विभिन्न योजनाओं के जरिये वित्तीय मदद हासिल करने वाले देश के टेनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि वे बिना किसी 'वैध स्पष्टीकरण' के खेलने से इनकार करते हैं तो उनसे धनराशि वसूल की जाएगी। खिलाड़ियों को प्राप्त धनराशि के लिए जवाबदेह बनाते हुए साई ने अपने आदेश में 'टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप' (टीएजीजी) के अंतर्गत मदद के लिए चुने गए खिलाड़ियों को लिखित में देने को कहा है, जिसमें वे स्वीकार करें कि वित्तीय मदद हासिल करना देश के खेल उत्कृष्टता में योगदान देने की जिम्मेदारी है।

यह मामला तब चर्चा में आया जब टीएजीजी में शामिल करने के लिए खिलाड़ियों के नामों पर चर्चा की गई। साई ने अपने आदेश में टॉप्स, एनएसएफ (राष्ट्रीय खेल महासंघ) और टीएजीजी योजनाओं के अंतर्गत मदद हासिल करने वाले खिलाड़ियों से बिली जीन किंग कप, डेविस कप, एशियाई खेल और ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उनकी उपलब्धता और इच्छा की पुष्टि करने को कहा है। साई के आदेश के अनुसार, 'ये टेनिस प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय गौरव के लिए अहमियत रखती हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि वित्तीय मदद हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को अगर अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) द्वारा चुना जाता है तो वे भारत का प्रतिनिधित्व करने को प्राथमिकता दें।' इसमें कहा गया है, 'हम आपको यह भी सूचित करना चाहेंगे कि एनएसएफ द्वारा चयन की स्थिति में अगर आप बिना किसी वैध स्पष्टीकरण के इन टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला करते हैं तो आज तक दी गई वित्तीय मदद लागू दिशानिर्देशों के अनुसार वसूली के अधीन होगी।' 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) की तर्ज पर जापान में 2026 एशियाई खेलों में भारत की पदक तालिका में इजाफा करने के उद्देश्य से टीएजीजी को इस साल अप्रैल में लॉन्च किया गया था। बीते समय में ऐसे कई उदाहरण हैं, जब खिलाड़ियों ने डेविस कप खेलने से इनकार कर दिया था।

शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पाकिस्तान (2024) की यात्रा नहीं करने का फैसला किया, जबकि उन्होंने स्वीडन (2024) और टोगो (2025) के खिलाफ मुकाबलों में भी हिस्सा नहीं लिया था। शशिकुमार मुकुंद ने भी पाकिस्तान और स्वीडन के मुकाबलों से नाम वापस ले लिया था, लेकिन वह इस साल फरवरी में नई दिल्ली में टोगो के खिलाफ मुकाबले के लिए राष्ट्रीय टीम में लौट आए थे।

युकी भांबरी ने भी स्वीडन और टोगो के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया था। पता चला है कि नागल, भांबरी, रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, साकेत मायनेनी और रित्विक बोलीपल्ली को टीएजीजी में शामिल किया गया है। महिलाओं में शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी श्रीवल्ली भामीदिपति, सहजा यमलापल्ली, वैदेही चौधरी, ऋतुजा भोसले और युवा खिलाड़ी माया राजेश्वरन को भी इस योजना में शामिल किया गया है।



# सितंबर में संन्यास लूंगीः पेत्रा क्वितोवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्वितोवा ने कहा, मैं एक बार फिर विंबलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन (अगस्त-सितंबर) में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं। दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है।

चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा, मैं एक बार फिर विंबलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन (अगस्त-सितंबर) में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

# जॉन सीना के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जॉन सीना के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन में जॉन सीना का फेयरवेल टूर होने वाला है। सात साल बाद न्यूयॉर्क में डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन का पहला शो होगा। जॉन सीना इस शो में आर-ट्रुथ/रॉन किलिंग्स से मुकाबला करेंगे। वह अगले हफ्ते स्मैकडाउन में भी दिखेंगे। इसके बाद सऊदी अरब में सीएम पंक के खिलाफ डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप का बचाव करेंगे। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार मैथ्यू रेहवोल्ट का मानना है कि सामी जेन, जॉन सीना को हरा सकते हैं। यह शो समरस्लैम से एक रात पहले, 1 अगस्त को होगा। प्रूडेंशियल सेंटर न एक्स पर बताया कि वे सात साल बाद स्मैकडाउन की मेजबानी करेंगे।

जॉन सीना इस शो में दिखाई देंगे। यह शो 1 अगस्त को होगा, जो समरस्लैम से पहले की रात है। प्रूडेंशियल सेंटर ने ट्वीट किया, 7 साल में पहली बार, डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन समरस्लैम से पहले न्यूयॉर्क में वापस आ रहा है। जॉन सीना का द लास्ट टाइम इज नाउ टूर और डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े सुपरस्टार्स के साथ नॉनस्टॉप एक्शन होगा! टिकट शुक्रवार, 27 जून को सुबह 10 बजे से बिक्री के लिए उपलब्ध है।

## मेस्सी का फ्री किक पर गोल

# इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन को हराया

**अटलांटा (अमेरिका), एजेंसी।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगान्ड के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।



# पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन को मिली बड़ी जिम्मेदारी, ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए, ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस सीरीज की शुरुआत 4 जुलाई से डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ सीरीज से होगी।

डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कोचिंग समूह में टिम पेन के साथ राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के सहायक कोच स्कॉट प्रेस्टिज, और नॉर्दर्न टेरिटरी क्रिकेट के पाथवे और डेवलपमेंट कोच ट्रेंट कोप शामिल होंगे। राष्ट्रीय टीमों के सीए कार्यकारी महाप्रबंधक बेन ओलिवर ने टिम पेन के ऑस्ट्रेलिया ए के मुख्य कोच के रूप में नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टिम पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और अब इस



भूमिका में भविष्य के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को निखारने के लिए अपने पैशन और आधुनिक कोचिंग अनुभव का उपयोग करेंगे। टिम का समृद्ध खेल और कोचिंग अनुभव उभरते खिलाड़ियों को अगले स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण होगा। पेन ने 2009 और 2021 के बीच राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था।

वह ऑस्ट्रेलिया ए और एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए अपनी कोचिंग प्रतिबद्धताओं के अलावा आगामी सत्र में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को कोचिंग सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। उन्होंने पिछले दो वर्षों के दौरान ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष कार्यक्रम के साथ सहायक क्षमता में काम किया है और गत दिसंबर में भारत के खिलाफ पीएम इलेवन को कोचिंग दी थी। इस बीच, गैर-अनुबंधित बाएं हाथ के स्पिनर जेडेन जेह को भी डार्विन में श्रीलंका के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में शामिल किया गया है।

# जर्जर शाला भवनों तथा कक्षों को सात दिनों में गिराएं : कलेक्टर

## जर्जर भवनों की कक्षाएं तत्काल वैकल्पिक स्थल में करें संचालित



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी तथा सभी बीईओ और बीआरसी स्कूल भवनों के संबंध में तीन दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। किसी भी जर्जर भवन और कक्ष में कक्षाएं संचालित न करें। जिले में चिन्हित 71 जर्जर भवनों की शालाएं तत्काल वैकल्पिक स्थानों में स्थानांतरित करके उनका नियमित संचालन कराएं। इसके लिए आसपास उपलब्ध अन्य शासकीय भवनों तथा ग्राम पंचायतों की परिसम्पत्तियों का उपयोग करें। रिक्त जर्जर भवनों और कक्षों को सात दिवस में डिसमेंटल करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने अनुभाग में 21 जून को दोपहर 12 बजे से बैठक आयोजित कर जर्जर शाला भवनों और कक्षों को ध्वस्त करने संबंधी आदेश पारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी बीईओ और बीआरसी जर्जर शाला भवनों के संबंध में दिए गए निर्देशों का पालन करके सात दिवस में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रमसा के इंजीनियर तथा बीईओ सभी शालाओं का निरीक्षण करें। जो शाला भवन सुधार योग्य है उसमें तत्काल सुधार कार्य कराएं। जिला प्रभारी रमसा इंजीनियरों से प्राप्त भवनों के सुधार के स्टीमेट को स्वीकृति देकर तत्काल राशि जारी करें। जर्जर भवनों के कारण यदि किसी विद्यार्थी के साथ कोई दुर्घटना हुई तो दोषियों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि सभी बीईओ और बीआरसी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से संपर्क करके जर्जर भवनों के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करें। शासन के निर्देशों के अनुसार सभी स्कूल शुरू हो गए हैं। इनके संचालन की नियमित मानीटरिंग करें। बैठक में डीपीसी विनय मिश्रा ने बताया कि शालाओं के 1695 शौचालयों में सुधार के लिए राशि जारी कर दी गई है। इनमें सुधार कार्य 15 दिवस में पूरा करा लिया जाएगा। बैठक में सहायक संचालक राजेश मिश्रा, सभी बीईओ, बीआरसी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज भोपाल में

**रीवा।** बीएलओ क्षमता विकास का प्रशिक्षण देने के लिये जिले के मास्टर ट्रेनर्स 21 जून को भोपाल में प्रशिक्षित होंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स को उपस्थिति के निर्देश दिये।

टी.आर.एस. महाविद्यालय के डॉ. संकठा प्रसाद शुक्ला, पॉलीटेकनिक कॉलेज के डॉ. गौरव गुप्ता, शा. महाविद्यालय सेमरिया के डॉ. रावेन्द्र कुमार, शा. महाविद्यालय त्योंथर के डॉ. रणवीर सिंह, शा. महाविद्यालय मऊगंज के डॉ. विवेक कुमार पटेल, शा. महाविद्यालय नईगढ़ी के डॉ. कृष्णचन्द्र मिश्र, शा. महाविद्यालय रायपुर कर्चुलियान के बी.एन. सिंह, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा के डॉ. जितेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा शा. आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा के डॉ. जयराम प्रजापति को मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये हैं।

# उप मुख्यमंत्री विश्व योग दिवस कार्यक्रम के होंगे मुख्य अतिथि

## विश्व योग दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायतों में आज होगा सामूहिक योग




**रीवा।** जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग दिवस पर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा में शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि योग दिवस के कार्यक्रम प्रातः 6 बजे शुरू होंगे। सुबह 6 बजे विद्यार्थी तथा योगाभ्यास में शामिल होने वाले एकत्रित होकर अपना स्थान ग्रहण करेंगे। सुबह 6.05 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का उद्बोधन होगा। इसके बाद भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के योग दिवस संदेश और उद्बोधन का सुबह 6.30 बजे से 6.40 बजे तक सजीव प्रसारण सभी स्थलों में दिखाया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशाखापट्नम से योग दिवस के उद्बोधन का सुबह 6.40 बजे से सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास होगा। कलेक्टर ने बताया कि विश्व योग दिवस पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे। रीवा नगर निगम में विवेकानंद पार्क तथा अटल पार्क सिविल लाइन में योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। सभी माध्यमिक विद्यालय, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, पॉलिटेक्निक कालेज, आईटीआई, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज सहित सभी शासकीय तथा निजी महाविद्यालयों में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुष विभाग की सभी संस्थाओं एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में भी योग दिवस के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री जी के योग दिवस उद्बोधन के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के आयोजन के बाद अच्छी गुणवत्ता के फोटो और वीडियो विवरण के साथ आयुष डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर अपलोड कराएं। इसे जनसम्पर्क कार्यालय को ईमेल पीआरओ रीवा 5 एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

# स्कूलों में कराया गया योगाभ्यास



**रीवा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व तैयारी और प्रचार-प्रसार के क्रम में आयुष विभाग द्वारा रीवा शहर की इन्डियन एक्सिलेंस स्कूल में योगाभ्यास कराया गया। इसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों को योग क्रियायें तथा योग से शरीर को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गयी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा ने बताया कि एक पखवाड़े से लगातार जिले भर में योग के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें आसन और प्राणायाम के अभ्यास के साथ-साथ योग के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व को भी बताया जा रहा है। योगाभ्यास कार्यक्रम में डॉ व्योमकेश शुक्ल, डॉ आशीष सिंह गौर, दानवती चतुर्वेदी और स्कूल संचालक संतोष तिवारी सहित विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सीखो कमाओ योजना में अन्य ईपीएफ संस्थान जोड़ें : अपर कलेक्टर

रीवा

संभागीय आईटीआई रीवा के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश और देश में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है। औद्योगिक संस्थानों में कम्प्यूटर तथा अन्य आधुनिक मशीनों के संचालन के लिए प्रशिक्षित युवाओं की अच्छी मांग है। आईटीआई में युवाओं को कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ रोजगार का अवसर दें। सीखो कमाओ योजना का अन्य ईपीएफ संस्थानों में विस्तार करें। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल तथा संजय गांधी हास्पिटल को भी सीखो कमाओ योजना में शामिल करें। जिला प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग कम्प्यूटर प्रशिक्षण के 90 दिवसीय कोर्स के पात्र उम्मीदवारों का चयन करके उनका चिन्हित संस्थान से प्रशिक्षण शुरू कराएं।



बैठक में प्राचार्य आईटीआई एसएन मिश्रा ने बताया कि आईटीआई में 24 ट्रेडों में तकनीकी प्रशिक्षण के लिए युवाओं से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करके प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए 300 कम्प्यूटर की आईटी लैब उपलब्ध है। आईटीआई में प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए भी कई प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हैं। सीखो कमाओ योजना से अन्य संस्थानों को शीघ्र ही जोड़ा जाएगा। बैठक में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे, सहायक संचालक उद्यानिकी, सहायक संचालक खादी ग्रामोद्योग, उप संचालक कृषि यूपी बागरी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में स्वस्थ लीवर मिशन के शिविर में 314 की हुई नि:शुल्क जाँच



**रीवा।** स्वस्थ लीवर मिशन के तहत जिले भर में 15 जून से 30 जून तक निःशुल्क जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में मुख्य रूप से फैटी लीवर, ब्लड शुगर, एनीमिया तथा अन्य जाँचे की जा रही हैं। अभियान के तहत कलेक्ट्रेट रीवा में लगाए गए शिविर में 314 व्यक्तियों की निःशुल्क जाँच की गई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि जाँच कराने वाले व्यक्तियों को जाँच रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं। रिपोर्ट में यदि किसी तरह की उपचार की आवश्यकता है तो उसकी भी सुविधा दें। यदि कोई व्यक्ति गंभीर रूप से पीड़ित पाया जाता है तो जिला चिकित्सालय अथवा संजय गांधी हास्पिटल में भर्ती कराकर उसका समुचित उपचार कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वस्थ लीवर मिशन के तहत लगाए जा रहे शिविरों की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करें। निरीक्षण के समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ केबी गौतम तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं मेडिकल टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा अल्पसंख्यक मछुआ सहकारी समिति मर्यादित गोविन्दगढ़ रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु उप अंकेक्षक बी.एल. कनौजी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# जिले में अब तक 42.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में मानसून ने दस्तक दे दी है। पिछले तीन दिनों से जिले के कई स्थानों में वर्षा हो रही है। जिले में 20 जून को 15.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में सर्वाधिक 35 मिलीमीटर वर्षा सिरमौर तहसील में दर्ज की गयी। इस दिन तहसील हुजूर में 17 मिमी, सेमरिया में 30 मिमी, मनगवां में 15 मिमी तथा जवा में 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 42.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 69.9 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 43.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 48 मिलीमीटर, सिरमौर में 76.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 5 मिलीमीटर, सेमरिया में 56 मिलीमीटर, मनगवां में 27 मिलीमीटर तथा जवा में 44 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 5.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

### संभागीय आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव 27 जून को

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में 27 जून को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे आरंभ होगा। इसमें निजी संस्था मेलॉन लेबोरेटरीज लिमिटेड पीथमपुर के लिए आईटीआई के वर्ष 2024 और 2025 के प्रशिक्षणार्थियों में से अप्रेंटिसशिप के चयन किया जाएगा। इस संबंध में प्राचार्य एसएन मिश्रा ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन तथा मोटर मैकेनिक व्हीकल ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों को अवसर दिया जाएगा। इसके लिए आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। अवसर का लाभ उठाने के लिए पात्र उम्मीदवार अपने शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड तथा अन्य अभिलेखों एवं पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ 27 जून को संभागीय आईटीआई में उपस्थित हो सकते हैं।

# वर्षा पूर्व तैयारियों को लेकर निगम आयुक्त ने किए वार्ड वार निरीक्षण

**रीवा।** आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा वार्ड भ्रमण निरंतर जारी है। दिनांक 20 जून को वार्ड क्रमांक 27, 41, 42 एवं 45 का निरीक्षण कर नालों की स्थिति, सफाई व्यवस्था, जलभराव के संभावित क्षेत्रों एवं अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड 41 महरान मंदिर से वार्ड 42 मुज्जू पुलिया तक इंटीग्रेटेड नाला प्लान हेतु सर्वे के निर्देश दिए गए। मृत्युंजय कॉम्प्लेक्स में महामृत्युंजय कार बाजार दुकान द्वारा कार बाहर रखकर अतिक्रमण पाए जाने पर की दुकान निरस्त करने की नोटिस देने के निर्देश दिए। वार्ड 42 में अजंता टाइल्स के सामने खराब रोड की स्थिति पाए जाने पर नोटिस जारी कर तत्काल रोड रिपेयर करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में ब्लैक लिस्ट करने को कहा। बिछिया अस्पताल से मृत्युंजय तक रोड के अगल बगल एवं वार्ड 45 के पुल के आगे गली के पास अतिक्रमण हटाने तथा बिछिया औद्योगिक क्षेत्र मार्ग पर नाले के ऊपर किए गए अतिक्रमण को नोटिस जारी कर हटाने के निर्देश दिए गए।

# नगर निगम सभागार में आयोजित की गई समीक्षा बैठक

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा दिनांक 20 जून को नगर निगम सभागार में राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही और मशीनों के उपयोग में उदासीनता पर आयुक्त ने सख्त नाराजगी जताई। मशीनों का उपयोग न करने वाले कर्मचारियों के वेतन काटे जाने और वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। आरएसआई बालेंद्र सिंह को लापरवाही बरतने एवं न्यूनतम प्रगति के कारण तत्काल आरएसआई प्रभार से हटाने के निर्देश दिए। मशीन प्राप्त न करने वालों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने को कहा गया। कुर्की नोटिसों में लापरवाही पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए बकायादारों के विरुद्ध तालाबंदी की कार्रवाई तेज करने और उसकी साप्ताहिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# वर्षा जल को संचित करने के लिए हो रहे जल संरक्षण के कार्य



**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में वर्षा जल को संचित करने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लगातार जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद पंचायत रीवा की ग्राम पंचायत मरहा में दो खेत तालाबों और तीन कुंओं में रिचार्ज पिट का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। मऊगंज जिले में ग्राम पंचायत कुलबहेरिया में हितग्राही कुसुमकली तथा ग्राम पंचायत सीतापुर में हितग्राही विजय गुप्ता की जमीन में खेत तालाब का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इनमें संचित वर्षा जल से एक ओर भूमि में पानी का संचय बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर किसान को सिंचाई और निस्तार के लिए पानी मिलेगा। ग्राम पंचायत शिवपुरवा 603 में भी दो खेत तालाबों का निर्माण पूरा किया गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि मऊगंज जिले में ग्राम पंचायत पहाड़ी निरपत सिंह तथा रतनगवां में चार खेत तालाबों का सहायक यंत्री अंकिता सोहगौरी की निगरानी में निर्माण कार्य पूरा किया गया। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मरहा में स्वसहायता समूह के सदस्यों तथा पंचायत पदाधिकारियों ने रैली निकालकर जल संरक्षण का संदेश दिया। ग्राम पंचायत अटरिया में श्री शिवप्रसाद के कुंए में रिचार्ज पिट का निर्माण पूरा कराया गया। ग्राम पंचायत मिसिरगवां तथा रतनगवां में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्षारोपण के लिए गड्ढे तैयार किए जा रहे हैं। इसी तरह जिले भर में खेत तालाब, अमृत सरोवर तथा हैण्डपंप एवं ट्यूबवेलों में रिचार्ज पिट का निर्माण किया जा रहा है। इनके माध्यम से वर्षा जल को धरती माँ की कोख में संचित किया जा सकेगा।

# हितग्राहीमूलक योजनाओं का नियत समय पर ऋण स्वीकृत करते हुए वितरित किया जाना सुनिश्चित कराएं : सांसद

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**रीवा।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सांसद श्री जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं का नियत समय पर ऋण स्वीकृत करते हुए उनका वितरण सुनिश्चित किया जाए। बैंकर्स व विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएं।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित डीएलसीसी की बैठक में सीडी रेशियो में कम प्रगति होने पर इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया तथा यूको बैंक के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को लेख किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित बैंकर्स व विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक क्रेडिट प्लान को बेहतर बनाने तथा अधिक से अधिक केसीसी वितरित किए जाने की बात बैंकर्स से कही गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बैठक में निर्देश दिए कि बैंकों में प्रस्तुत प्रकरणों को लंबित न रखें। स्वसहायता समूहों को ऋण देते हुए डेयरी उत्पाद के लिए क्लस्टरवार एसएचजी को ऋण स्वीकृति में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उन्हें नियत समय पर पूर्ण कराएं ताकि आगामी त्रैमास में उल्लेखनीय प्रगति हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि डीएलसीसी की बैठक में जिम्मेदार विभाग प्रमुख व बैंकर्स अनिवार्यतः उपस्थित रहें। इस अवसर पर नाबार्ड अंतर्गत बनाए जाने वाले प्रोटेन्सिव लिंक्ड क्रेडिट प्लान के लिए विभागीय अधिकारियों से डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि रामनागर, एलडीएम जगमोहन, डीडीएम नाबार्ड सरोज जेना सहित बैंकर्स व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





# 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025

*'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग'*
*'Yoga for One Earth-One Health'*



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## "योग संगम"

सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम

प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
द्वारा उद्‌बोधन (वर्चुअल माध्यम से)

प्रातः 6:00 बजे | अटल पथ, तात्या टोपे नगर, भोपाल

खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर
**राष्ट्रीय मंथन कार्यशाला**

वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला के
**आधुनिक तारामंडल का लोकार्पण**

दोपहर 12:00 बजे | डोंगला, उज्जैन



गरिमामयी उपस्थिति
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**21 जून, 2025**



*"भारत की प्राचीनतम विद्या 'योग' निरोगी शरीर, उत्तम स्वास्थ्य और ऊर्जा प्राप्ति का अक्षय स्रोत है। हम भारत के प्राचीन ज्ञान की विरासत, जिसने भारत को हजारों वर्षों से समृद्ध बनाये रखा है, उसे न केवल संरक्षित करने बल्कि उसके वैज्ञानिक पक्ष को आधुनिक दृष्टिकोण से परिभाषित किये जाने के प्रतिबद्ध प्रयास कर रहे हैं।"*

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल के तहत अपनी तरह की पहली कार्यशाला में 200 से अधिक विद्वान ज्योतिषाचार्य सम्मिलित होकर करेंगे खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर मंथन

डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में बनकर तैयार हुए आधुनिक तारामंडल में सौर मंडल के दृश्यों का अवलोकन किया जा सकेगा

इस तारामंडल के माध्यम से खगोलीय घटनाओं की जानकारी का रुचिकर प्रदर्शन लोगों को खगोल विषय के ज्ञान से परिचित करायेगा

योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप का आयोजन

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
D-11049/25
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833